आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49
उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 35, अंक 144, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

कानपुर नगर के सीएमओ निलंबित

- डीएम से चल रहा था विवाद किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

डॉ.हरिदत्त नेमी।

डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।

अमृत विचार : जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा।

उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।



सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

पहला टेस्ट मैच

भारत बनाम इंग्लैंड

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3 :30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

एक नजर

ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

मुंबई। फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10 .30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

स्टांप विभाग में तबादला घोटाला, जांच शुरू

मुख्यमंत्री ने किए 202 तबादले निरस्त, आईएएस समीर वर्मा और भवानी सिंह पद मुक्त

- स्टांप- पंजीयन विभाग के मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने योगी से की थी अनियमितताओं की शिकायत
- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आयी सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कई विभागों में तबादलों में अनियमितता को लेकर राजनीतिक व प्रशासनिक खींचतान चल रही है। स्टांप एवं पंजीयन विभाग में हुए 202 तबादलों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की विभागीय मंत्री की ओर से शिकायत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन तबादलों को रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसी के साथ गुरुवार रात महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन आईएएस भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटा दिया।

स्टांप-पंजीयन तथा स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री से अनियमितताओं की शिकायत की थी। आरोप हैं कि तबादलों में पैसे का खेल जमकर हुआ है। मामला स्टांप व पंजीयन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों (सब रजिस्ट्रार) और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला जारी है। स्टांप एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन द्वारा 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 59 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितता की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था। ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा, पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। सूत्रों अनुसार, उप निबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है तो यह न केवल लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए उनकी भूमिका अब गहन जांच के दायरे में है।

12वीं उत्तीर्ण भी बना दिए गए उप निबंधक

स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितता पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को उप निबंधक बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं उत्तीर्ण हैं। जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। ऐसे में पूरा सिस्टम ही सवालों के घेरे में आ गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में इस पूरे तबादले प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं।

अब तबादलों में मुख्यमंत्री की सहमति आवश्यक

अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। दरअसल, तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध बना रहा। तमाम माननीयों के सिफारिशी पत्र का भी फिलहाल शासन ने संज्ञान नहीं लिया। उच्च स्तर पर बने गतिरोध के कारण ट्रांसफर सीजन में स्वास्थ्य विभाग में एक भी तबादला नहीं हो सका। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी तबादलों से संबंधित फाइलों को देख कर मुख्यमंत्री के पास भेज चुके हैं।

प्रतीक्षारत रहेंगे आईजी स्टांप, स्वास्थ्य निदेशक प्रशासन

लखनऊ। तबादलों में हुई अनियमितता पर कार्रवाई होने लगी है। गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत कर दिया गया। फेरबदल में आईजी निबंधन आईएएस समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप-रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को सौंपी गई है।

भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी

- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

नई दिल्ली। भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

माफिया अतीक के बेटे से नकदी मिलने के बाद डिप्टी जेलर व जेल वार्डन सस्पेंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नैनी जेल में बंद है अली, दोनों अफसरों के खिलाफ डीआईजी जेल को सौंपी गई विभागीय जांच

अमृत विचार: जेल में माफिया की सल्तनत कायम रहने का सिलसिला सरकार की सख्ती के बाद भी खत्म नहीं हुआ है। माफिया स्व. मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी का मामला हो या स्व. अतीक अहमद के बेटे अली अहमद का। नैनी जेल में बंद अली अहमद की बैरक में मंगलवार देर रात छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ।

इसके अलावा उसके पास से नकदी भी मिली थी। जिसे अली ने खुद जेल वार्डन को पकड़ाया। सीसीटीवी कैमरे में पूरी करतूत कैद होने के बाद डीजी कारागार पीसी मीना ने कार्रवाई करते हुए जेल वार्डन और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच डीआईजी जेल को सौंप दी।

प्रयागराज के नैनी जेल में माफिया स्व. अतीक अहमद के बेटे अली अहमद समेत करीब पांच दर्जन से अधिक गुर्गे बंद हैं। अली की बैरक की 24 घंटे निगरानी रखी जाती है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। लेकिन जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों की सांठगांठ से अली जेल में अपनी सल्तनत चला रहा है। डीआईजी जेल राजेश श्रीवास्तव ने मंगलवार को अली की बैरक का औचक निरीक्षण किया तो वहां कई आपत्तिजनक सामग्री मिली। उसके पास 1100 रुपये मिले। जिसे अली ने जेल वार्डन को पकड़ा दिया।

अति सुरक्षित बैरक में इस तरह सामान व नकदी मिलने की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। इसके बाद डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डन संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अली को एक मुलाकाती ने रुपये दिए थे।

बड़ागांव तिहरे हत्याकांड में 12 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी तीन की हत्या, चार लोग हुए थे घायल, नौ साल बाद आया फैसला

अमृत विचार: महोली क्षेत्र के बड़ागांव में 26 जून 2015 को प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुए तिहरे हत्याकांड में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश संजय त्रिपाठी की अदालत ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही हर दोषी पर 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले में नौ साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव चौराहे की है, जहां 2015 में प्रधानी चुनाव की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी दौरान मौजूदा प्रधान हरिवंश सिंह और उनके प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र मिश्रा के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी चल रही थी। विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया जब दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने फायरिंग हो गई। गोलीबारी में प्रधान पद के दावेदार जितेंद्र मिश्रा (33), उनके परिजन लालजी मिश्रा (48) और सुंदरलाल (40) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह घटना बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने हुई थी। अदालत ने जिन 12 लोगों को दोषी ठहराया, उनमें हरिवंश सिंह, उसके पुत्र रवि सिंह, जीतू सिंह, अमर बहादुर सिंह, बृजेश सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, राजेश मिश्रा समेत अन्य हैं। सभी को हत्या, हत्या की साजिश, बलवा और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी माना गया है।

अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।

टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45 .34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

पूर्वांचल के विकास का गेटवे बनेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आजमगढ़ और गोरखपुर में आज करेंगे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

अमृत विचार : गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल के विकास के नए गेटवे के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम करीब 92 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों छोरों आजमगढ़ के सलारपुर और गोरखपुर के भगवानपुर टोलप्लाजा के पास होगा।

आजमगढ़ वाले छोर पर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण और जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करते हुए गोरखपुर वाले छोर पर आएंगे और यहां भी लोकार्पण की औपचारिकता के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से मिलता है। चार जिलों गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ में पड़ने वाला पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेस-वे फोरलेन में निर्मित है और इसे भविष्य में सिक्सलेन तक विस्तारित किया जा सकता। एक्सप्रेस-वे की इस परियोजना पर भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण दो पैकेज में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) तथा फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है। पहले पैकेज का निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और दूसरे पैकेज का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने कराया है।

22029 किसानों को मिला 2030.29 करोड़ रुपये मुआवजा

परियोजना के लिए सरकार ने 22029 किसानों को 2030.29 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान मुआवजा (प्रतिकर) के रूप में किया है। यही नहीं जमीन देने वाले किसानों को मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण में खुद सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना कर चुके हैं।

कंट्रोल रूम पर फोन करते ही मिलेगी त्वरित मदद

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के लिए यातायात सुगमता के साथ सुरक्षा और संकट में सहायता के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मदद के लिए यात्रियों को बस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 14449 पर फोन करना ही पर्याप्त होगा। फोन करते ही यूपीडा के जीपीएस लगे वाहन व एम्बुलेंस मौके पर मदद के लिए पहुंच जाएंगे।

गंगा एक्सप्रेस-वे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन

- कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट, शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना होगा आसान
- नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा कार्य, 12 जिलों को कवर करेगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे पर वाहन जल्द फर्राटा भरते नजर आएंगे। इस एक्सप्रेस-वे का काम तेज गति से जारी है। संभावना है कि सारा कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यूपीडा ने इस एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा और टोल बूथ लगाने के लिए लोकेशन का चयन करना शुरू कर दिया है।

यूपीडा गंगा एक्सप्रेस-वे के चार स्थानों और तीन लोकेशन पर टोल प्लाजा और बूथ का निर्माण करेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर 23 टोल प्लाजा और 211 बूथ या टोल एकत्रित करने के लिए लेन होंगी। पहला टोल प्लाजा मेरठ में होगा। इसके बाद 2 और 3 टोल प्लाजा लगभग 11 किलोमीटर बाद बदायूं में होंगे।

इस एक्सप्रेस-वे पर अलग-अलग जिलों से कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट दिए गए हैं। इस सुविधा की वजह से वाहनों को एक्सप्रेस-वे के जरिए शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना काफी सरल हो जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे 12 जिलों को कवर करेगा। इसमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं।

नियमावली के मुताबिक लगेगा टोल शुल्क

अमृत विचार : यूपीडा ने गंगा एक्सप्रेस-वे की टोल दरों की गणना के लिए अनुभवी सलाहकारों से प्रस्ताव मांगे हैं। टोल शुल्क की गणना उप्र. टोल नियमावली के मुताबिक ही होगी। सूत्रों के अनुसार, कार, जीप, वैन और हल्के वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किमी, हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बस के लिए 4.05 रुपये प्रति किमी, बस व ट्रक के लिए 8.15 रुपये प्रति किमी, भारी निर्माण वाहनों के लिए 12.55 रुपये प्रति किमी और ओवरसाइज वाहनों के लिए ये दरें 16.05 रुपये प्रति किमी हैं। वहीं बाईपास का प्रयोग करने के लिए ये टोल दरें क्रमशः 70 पैसे, 1.05 रुपये, 2.10 रुपये, 3.15 रुपये और 4.15 रुपये प्रति किलोमीटर हैं।

एक नजर

डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर होगा वृहद पौधरोपण

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के के बलिदान दिवस (23 जून) पर मुख्यमंत्री योगी ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-परिवारजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी मंडलीय, जोनल वन संरक्षकों, प्रभागीय अधिकारियों पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

संकिसा में बौद्ध मठों का सात करोड़ से होगा विकास

अमृत विचार, लखनऊ : बौद्ध पर्यटकों को ध्यान में रखकर फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित बौद्ध मठों में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए सात करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी उप्र. पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी।

30 तक सड़क व पुल के प्रस्ताव भेजें : मुख्यमंत्री

कहा- सभी विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिलाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर भेजें प्रस्ताव : योगी
- विकास कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास जनप्रतिनिधियों से ही कराने की हिदायत

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और रणनीति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में हर विधानसभा में सड़क व पुल बनाने के लिए 30 जून तक कार्ययोजना तलब की। कहा कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए। हिदायत दी कि विकास कार्यों का भूमि पूजन अथवा शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए, ताकि विकास में जनभागीदारी की भावना सशक्त हो।

बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी जिलाधिकारी, विधानसभा के जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग की प्रमुख 18 योजनाओं के अंतर्गत 75 जिलों से 30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जिलाधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए, प्रस्ताव तैयार कर तय समयसीमा के भीतर भेजें। विकास का लाभ राजनीतिक क्षेत्रफल नहीं, बल्कि स्थानीय आवश्यकता के आधार पर सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए।

बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु सेतु और सड़कें जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में पूर्वानुमान के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि जैसे ही बरसात कम हो, कार्य शुरू हो सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संदिग्ध या दागी ठेकेदारों को चिन्हित किया जाए।

किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर न आएं

योगी ने सड़कों की गुणवत्ता, मरम्मत और सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि प्रदेश के किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीडिंग और टूटी हुई सड़कें, सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं, इसलिए सभी डार्क स्पॉट चिन्हित किए जाएं और आवश्यकतानुसार टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं।

प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का हो चयन

मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व एवं श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए। इन स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए।

नीट यूजी काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रदेश के निवासियों को ही मिलेगा प्रवेश

अमृत विचार : मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस (स्नातक पाठ्यक्रम) 2025-26 सत्र में दाखिलों के लिए काउंसिलिंग होगी। राजधानी के केजीएमयू व आरएमएल आयुर्विज्ञान समेत प्रदेश के 20 विभिन्न मेडिकल कॉलेज नोडल होंगे, जहां अभ्यर्थियों को अपने प्रपत्रों की जांच कराना होगा। उक्त नियमों के साथ यूपी नीट यूजी-2025 काउंसिलिंग के लिए नियम-निर्देश युक्त ब्रोशर तैयार किया जाएगा, इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें महानिदेशालय के प्रतिनिधि के साथ ही केजीएमयू, डॉ.आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ और शासन के अधिकारी शामिल होंगे।

उक्त आदेश बुधवार देर रात प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी कर दिए हैं, काउंसिलिंग संबन्धी आदेश में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध 858 सीटों पर अपने राज्य के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि निजी व अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए अनिवार्यता नहीं है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एनटीए द्वारा जारी कट-ऑफ ही यूपी नीट काउंसिलिंग में मान्य होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे की 85 सीटों पर दाखिले के लिए उप्र. का निवासी होने के साथ ही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं भी प्रदेश के कॉलेज से उत्तीर्ण होना चाहिए, अगर इंटर अन्य प्रांत किया है तो अभ्यर्थी को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निवास प्रमाण पत्र देना होगा।

10 दिन में पूरे प्रदेश में पहुंच जाएगा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभिन्न जिलों में तीन दिनों में बारिश की संभावना

अमृत विचार : उप्र. में प्रवेश कर चुका मॉनसून अगले दस दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। इस बीच विभिन्न जिलों में लगभग 30 मिमी तक बारिश होने की संभावना है।

दरअसल, प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने समय से पांच दिन की देरी से बुधवार को दस्तक दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों के मुताबिक, मानसून की दस्तक के साथ ही सोनभद्र, बलिया, मऊ, गाजीपुर आदि सहित देश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके अनुसार, अगले दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ते हुए 30 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को पूर्वी उप्र. और तराई के 16 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 39 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

गेहूं किसानों को मिला 2508 करोड़ का भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : गेहूं खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। 9.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के सापेक्ष इस साल रबी विपणन वर्ष 2025-26 में यह खरीद बढ़कर 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांवों तक मोबाइल क्रय केंद्र पहुंचे, जिससे दो लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बेचा और उन्हें 2508.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस साल 5853 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवकाश में भी गांव-गांव पहुंचकर अफसरों ने किसानों से संपर्क करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की।

यूपी को बिजली देगा अडानी समूह

प्रदेश में बड़ा निवेश करेगी कंपनी, लगाएगी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी अडानी पावर को उत्तर प्रदेश को बिजली देने का बड़ा जिम्मा मिला है। अदानी पावर राज्य में 1500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अडानी पावर को यह बिजली एक नए पावर प्लांट से मिलेगी, जिसे उत्तर प्रदेश में ही बनाया जाएगा। यह नया बिजलीघर बहुत आधुनिक होगा और इसे अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट कहा जाता है।

इस पावर प्लांट की कुल क्षमता 2×800 मेगावाट यानी करीब 1600 मेगावाट होगी, जिससे 1500 मेगावाट बिजली की सप्लाई होगी। इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, कैबिनेट से इस महीने की शुरुआत में इस परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद ताजा कवायद सामने आयी है। कंपनी को अब मिले लेटर ऑफ अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन करना होगा।

मिर्जापुर के दादरी गांव में लगेगा प्लांट

अमृत विचार : अडानी पावर लिमिटेड अपना पहला थर्मल पावर प्लांट मिर्जापुर जिले के दादरी गांव में लगाने जा रही है। इस प्लांट में 800-800 मेगावाट में दो कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। गुजरात, महाराष्ट्र, राजथान, कर्नाटक, तमिलनाडु झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 17510 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली एपीएल ने अब दादरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना से निर्माण के दौरान 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

> अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अडानी से मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि राज्य को समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और कैसे सशक्त बनाया जाए। अडानी समूह ने पहले कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि राज्य में अपार अवसर हैं।
>
> – मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

बादल छाए रहेंगे, कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- अर्जुनगंज स्थित कमला टावर सर्वहित व्यापार मंडल की इकाई का गठन, 3 :30 बजे
- महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उप्र का जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन 11 बजे
- अर्जुनगंज सर्वहित व्यापार मंडल के गठन के लिए व्यापारियों की बैठक कमला टावर निकट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अर्जुनगंज में दोपहर 3 :30 बजे
- बिल्डथॉन मेक फॉर लखनऊ का आयोजन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में किया गया है। जिसमें छात्रों के नवाचार मॉडलों का आज प्रदर्शन सुबह 10 बजे से
- लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस के योग सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास का आयोजन सुबह 5 बजे से
- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विशेष क्षमता के छात्रों के लिए योगाभ्यास का आयोजन सुबह 7 बजे से
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रांतों से आए हुए छात्रों का योगाभ्यास व योग संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सुबह 7 बजे से
- सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रदेश भर के कर्मचारियों का उदयगंज, कैंट रोड स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय में धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से
- माल ब्लॉक की ग्राम पंचायत पकरा बाजार गांव के पंचायत भवन में जनकल्याणकारी योजनाओं का विशेष कैंप सुबह 10 बजे।

रक्तदान शिविर अयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडलीय चिकित्सालय (इंडोर हॉस्पिटल) में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा एवं महिला कल्याण संगठन, उत्तर रेलवे, लखनऊ की अध्यक्षा निरुपमा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता सागर, केजीएमयू की डॉ. तूलिका चंद्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

एलडीए के चक्कर लगाते-लगाते हो गए रिटायर, फिर भी नहीं हुआ काम

चलने-फिरने में असमर्थ रिटायर कर्नल, मेजर और इंस्पेक्टर छड़ी के सहारे पहुंचे एलडीए कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के काम चाहे आम आदमी हो या फिर सेना व खुफिया विभाग, सभी के लिए कठिन हैं।

यदि अड़ंगा लग गया तो जीवन भर दौड़-भाग के बाद भी हासिल हिसाब कुछ नहीं लगता। ऐसा ही कर्नल, मेजर और इंस्पेक्टर के साथ हुआ है, जिनकी पूरी उम्र नामांतरण, रजिस्ट्री कराने और मुआवजा मांगने में बीत गई। एलडीए के चक्कर लगाते-लगाते तीनों रिटायर तक हो गए। इसके बाद भी चलने-फिरने में असमर्थ छड़ी लेकर यह एलडीए दफ्तर के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जनता अदालत

गुरुवार को एलडीए में आयोजित जनता अदालत में आए इन्हें हर बार की तरह अफसरों से आश्वासन ही मिला। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से नौ का निस्तारण किया गया।



रिटायर कर्नल संजय शर्मा

38 साल से चक्कर लगा रहे कर्नल संजय शर्मा

केस 1 संजय शर्मा ने बताया कि वह कर्नल से वर्ष 2016 में रिटायर हुए हैं। निराला नगर में उनका पैतृक मकान है। माता पुष्पा की मृत्यु के बाद 1985 में उन्होंने नामांतरण के लिए आवेदन किया था। लेकिन आज तक काम नहीं हुआ। जबकि गाजियाबाद व अन्य जगह की संपत्ति परिवार के अन्य सदस्यों के नाम आसानी से हो गई। नौकरी भर एलडीए के चक्कर लगाए और अब रिटायर होने पर भी। सभी दस्तावेज और कोर्ट का आदेश पक्ष में है। इसके बाद भी कोई न कोई अभिलेख कम बताकर 38 साल से दौड़ा रहे हैं।

रिटायर मेजर बीएस श्रीवास्तव

मेजर बीएस श्रीवास्तव को भूमि मिली न मुआवजा

केस 2 85 वर्षीय रिटायर मेजर बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि एलडीए ने विजयीपुर में 40 साल पहले उजरियांव योजना के तहत हाईकोर्ट बनाने के लिए पत्नी शोभा की 8160 स्क्वाय फीट जमीन अधिग्रहित की थी। जमीन के बदले विलोम खंड में दो बार समायोजन किया गया, लेकिन जमीन नहीं मिली। 2023 में कोर्ट का हवाला देकर पत्र भेजा कि जमीन के बदले जमीन नहीं मिलेगी। फिर उन्होंने मुआवजा की मांग की और करीब 40 साल से चक्कर लगा रहे हैं।

इंद्र कुमार पांडे पत्नी मंजूरानी के साथ।

खुफिया विभाग में रहे इंस्पेक्टर की गायब हो गई पत्रावली

केस 3 जनता अदालत में आए इंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि वह खुफिया विभाग में इंस्पेक्टर पद से रिटायर हुए हैं। नौकरी में रहते 1980 में पत्नी मंजूरानी के नाम अलीगंज योजना में ईडब्ल्यूएस भूखंड खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री अब तक नहीं हो पाई। तब से चक्कर लगा रहे हैं। रिटायर हुए अब तो भी चलने-फिरने में भी थोड़ा असमर्थ हैं। फिर भी दौड़ा रहे हैं। बताया गया कि फाइल गायब हो गई है। तो उन्होंने अपने पास से मूल पत्रावली उपलब्ध कराई, 'रुपये' भी दे दिए। इसके बाद भी काम लटका है।

योजना निरस्त होने पर दूसरे के खाते में भेज दिए रुपये

राकेश कुमार गुप्ता।

केस 4 गोमती नगर से आए राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 2014 में देवपुर पारा समाजवादी लोहिया योजना में एलडीए से भवन खरीदा था। इसकी संपूर्ण धनराशि छह लाख रुपये समय पर जमा कर दी। बाद में योजना निरस्त कर दी गई और रुपये 3.61 लाख रुपये उनके खाते में वापस कर दिए। शेष राशि पिछले वर्ष किसी महिला के खाते में भेज दी। महिला से संपर्क किया तो बताया कि रुपये खर्च हो गए। अब यह रुपये न एलडीए दे रहा न महिला।

आदेश के बाद भी नहीं हुई फर्जी रजिस्ट्री की एफआईआर

अलीगंज निवासी दया शंकर गुप्ता फिर एलडीए की जनता अदालत में पहुंचे। बताया कि एलडीए में उनके एक रिश्तेदार अधिकारी के पद पर तैनात थे। जिन्होंने विश्वास खंड में उन्हें एक प्लाट दिलाया था। रुपये जमा करने के बाद धोखाधड़ी करके रिश्तेदार ने अपने बेटे के नाम रजिस्ट्री करा दी। कई साल चक्कर लगाए कार्रवाई नहीं हुई। मार्च में जनसुनवाई में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए। लेकिन अब भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई।

बहू ने घर से निकाला, आवास पर कब्जा

अकबर नगर की विस्थापित शाहीदा ने बताया कि उनके नाम से बसंतकुंज में शहरी आवास मिला था। वह बहू के साथ वहां रहने लगी। बेटा विदेश में नौकरी करता है। इस बीच बहू ने अपने माता-पिता को बुलाकर उन्हें बाहर निकाल दिया और कब्जा कर लिया। उन्होंने कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं, भारतीय किसान यूनियन (अवध) के बैनर तले पहुंचे किसानों ने सीतापुर रोड योजना में चबूतरे आवंटित न होने पर नाराजगी जताई और पात्रों को आवंटन करना बताया।

गोसाईंगंज व दुबग्गा में पांच प्लाटिंग ध्वस्त

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर गुरुवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। प्रवर्तन टीम ने गोसाईंगंज व दुबग्गा क्षेत्र में पांच अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि शुधांशु वर्मा व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के दुलारमऊ में लगभग चार बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह ग्राम दुलारमऊ में ही मुन्ना सिंह द्वारा लगभग चार बीघा व जीवन कुमार द्वारा लगभग दो बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से प्लाटिंग प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना करने पर ध्वस्त की गई। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि राजा राम पाल व अन्य द्वारा दुबग्गा के ग्राम मलहा में लगभग 5 हजार वर्गमीटर में अवैध रूप से प्लाटिंग, इसी तरह राम सरन व अन्य द्वारा 6 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग ध्वस्त की गई।

जोन सात के पार्षदों ने उठाई सीवर जलभराव व मार्ग प्रकाश की समस्या

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नगर आयुक्त ने दिया समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन

अमृत विचार : नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में गुरुवार को जोन 7 के पार्षदों के साथ नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को नगर आयुक्त के समक्ष रखा।

इनमें प्रमुख रूप से सीवर की सफाई, नालों से सिल्ट उठान, जलभराव की समस्या, मार्ग प्रकाश की खराब व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध चालान की व्यवस्था लागू करने की मांगें शामिल थीं। पार्षदों ने नगर निगम के संसाधनों को बढ़ाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुछ पार्षदों ने अपने क्षेत्रों में मॉडल वेंडिंग जोन और सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने की मांग की। नगर आयुक्त ने सभी पार्षदों को

आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों और सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

बैठक में पार्षदों के साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज प्रभात, जोन-7 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार, जोनल सेनेटरी अधिकारी कुलदीपक सिंह एवं अभियंत्रण विभाग के अभियंता उपस्थित थे।

कमरों की सील खोल देखीं ईवीएम व वीवीपैट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी विशाख जी ने गुरुवार सुबह 11 बजे मोहनलालगंज तहसील स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉक कमरों की सील खोल कर ईवीएम एवं वीवीपैट देखीं। जिसमें जिलाधिकारी को सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप मिलीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न तिथियों की फुटेज का अवलोकन किया। इसके बाद सुरक्षा बल उपस्थिति रजिस्टर देखा।

वेयर हाउस के बाहर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम। अमृत विचार

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग किया वेयर हाउस का निरीक्षण

उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ल ने बताया कि ईवीएम एवं वीवी पैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस में कुल 24 कमरे है। सभी कमरे जिसमें ईवीएम एवं वीवीपैट रखे गए है वह डबल लॉक से सील किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परिसर में कुल 15 सीवीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है। शिफ्टवार कुल 8 सुरक्षाबलों की ड्यूटी परिसर में है। प्रत्येक शिफ्ट में 2- 2 सुरक्षाबल ड्यूटी पर तैनात रहते हैं।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू आध्याप्ति प्रथम, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पाटी, भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सरकारी जमीन पर भू-माफिया के अवैध निर्माण तत्काल कराएं ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ राजस्व एवं नगर निगम की संयुक्त टीम चलाए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

▸▸ मंडलायुक्त ने सरकारी जमीन से कब्जे हटाने के लिए बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार : सरकारी जमीनों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए गुरुवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडलायुक्त ने सरकारी जमीनों पर दबंग भू-माफिया द्वारा अवैध रूप से प्लॉटिंग व बाउंड्री करके किये गए कब्जों को तत्काल ध्वस्त कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इसके लिए उन्होंने राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम को अतिक्रमणा के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि के सर्वे कार्य मे तेजी लायी जाये। सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता पर कार्य किया जाये।

मंडलायुक्त ने कहा कि भू-माफियाआ द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गयी जमीन के विरुद्ध की गयीं शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि तहसील व नगर निगम टीम द्वारा सरकारी जमीनों पर चिन्हित किये गए अतिक्रमण हटाए जाएं और अपने स्वामित्व में लेकर भूमि पर अपना बोर्ड लगाएं।

गोमती नगर व अर्जुनगंज में झुग्गियां और दुकानें हटाईं

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने गुरुवार को जोन चार के ग्वारी चौराहा से गोमती नगर विस्तार में फ्लाईओवर के नीचे बनीं झुग्गियां हटाने के साथ विभूति खंड में मॉडल वेंडिंग जोन के चारों ओर लगीं अवैध दुकानें हटाईं। इसके अलावा जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 7 के पास अतिक्रमण हटाकर सफाई कराई। अर्जुनगंज चौराहे से अहिमामऊ पुल के नीचे तक भारी पुलिस बल, पीएसी तथा थाना सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त किया।

कमजोर छतों पर भारी होर्डिंग लगा रहीं विज्ञापन एजेंसियां

एजेंसियों की मनमानी पर नगर निगम का जोर नहीं, एलडीए नहीं दे रहा भवनों पर होर्डिंग लगाने की एनओसी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ हजरतगंज चौराहे पर लगीं जर्जर भवनों की छतों पर होर्डिंग

अमृत विचार : शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित भवनों की कमजोर छतों पर विज्ञापन एजेंसियां तय साइज से काफी बड़ी और भारी होर्डिंग लगा रही हैं।

नगर निगम के नियमानुसार केवल 20 बाई 40 यानी 800 वर्गफिट की होर्डिंग ही लगाई जा सकती हैं। लेकिन विज्ञापन एजेंसियां इसका पालन न कर इससे अधिक साइज की होर्डिंग लगा रही हैं।

जोन-1 हजरतगंज चौराहे के पास नरही और कॉफी हाउस की पुरानी हो चुकी बिल्डिंग पर भी मानक के विपरीत होर्डिंग लगी हुई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण इन भवनों पर होर्डिंग लगाने की एनओसी तक नहीं दे रहा है। इसके बाद भी विज्ञापन एजेंसियों वजनदार होर्डिंग लगाए हुए हैं। बारिश के मौसम में नगर निगम जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

हजरतगंज क्षेत्र में एक पुरानी इमारत की छत पर लगी विशालकाय होर्डिंग।

आंख बंद कर जारी कर रहे मजबूती का प्रमाणपत्र

नगर निगम का प्रचार विभाग विज्ञापन एजेंसियों से भवन की मजबूती का प्रमाणपत्र लिए बिना ही होर्डिंग लगाने की अनुमति दे रहा है। अभियंत्रण विभाग से एजेंसियों को मजबूती प्रमाणपत्र लेना होता है। प्रचार विभाग के अधिकारी अनुमति तो जारी कर देते हैं लेकिन यह तक नहीं देखते कि एजेंसी ने प्रमाणपत्र लगाया है या नहीं।

अभियंत्रण विभाग ने घोषित किए नगर के 208 जर्जर भवन, प्रचार विभाग को पता नहीं

नगर निगम का प्रचार विभाग एक ओर जर्जर भवनों की छतों पर होर्डिंग लगाने की विज्ञापन एजेंसियों को अनुमति दे रहा है लेकिन उसके पास जर्जर भवनों की सूची तक नहीं है। जबकि नगर निगम के अभियंत्रण विभाग ने शहर की लगभग 208 इमारतों को जर्जर घोषित किया हुआ है। प्रचार विभाग के राजस्व निरीक्षकों के पास भी यह सूची नहीं है और न ही इसे मांगा गया है। दिलचस्प यह है कि विभाग में आपसी तालमेल का अभाव साफ तौर पर दिख रहा है।

बिना अनुमति प्रमुख चौराहों पर लगा रहे प्रचार सामग्री

▸▸ चौराहों के मेंटीनेंस के नाम पर विज्ञापन एजेंसियों की मनमानी

▸▸ दो वर्ष पहले ही निरस्त कर चुका है नगर निगम अनुमति

▸▸ शहर के लगभग 55 प्रमुख चौराहों को मेंटीनेंस के नाम पर नगर निगम से लिया था विज्ञापन एजेंसियों ने

अमृत विचार, लखनऊ : विज्ञापन एजेंसियां कमाई के लिए मनमानी पर उतारू हैं, लेकिन नगर निगम चुप है। नगर निगम से बिना अनुमति लिए ही शहर के प्रमुख चौराहों पर प्रचार सामग्री लग गईं। 55 प्रमुख चौराहों को मेंटीनेंस के नाम पर नगर निगम से विज्ञापन एजेंसियों ने लिया था। दो वर्ष पहले ही नगर निगम ने इनकी अनुमति निरस्त कर दी थी। इसके बाद भी विज्ञापन एजेंसियां मनमानी कर चौराहों पर विज्ञापन लगा रही हैं। एजेंसियां विज्ञापन से कमाई कर रही हैं लेकिन नगर निगम को टैक्स तक नहीं दे रही हैं। इससे नगर निगम के राजस्व को चूना लग रहा है। विज्ञापन एजेंसियों ने नगर निगम से शहर के प्रमुख चौराहों को मेनटेन करने के लिए अनुबंध किया था। चौराहे तो सुधरे नहीं लेकिन एजेंसियां इनसे माल समेटती रहीं। अनुबंध के अनुसार एजेंसियां चौराहों का रखरखाव करेंगी। इसके खर्च निकालने के लिए केवल चौराहे के नीचे की ओर ही प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है। एजेंसियां मनमानी कर अपने तरीके से होर्डिंग लगाने लगीं। इस पर नगर निगम ने विज्ञापन एजेंसियों का अनुबंध समाप्त कर दिया था। इसके बाद भी विज्ञापन एजेंसियों नगर निगम के प्रचार विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर चौराहों पर विज्ञापन लगा रही हैं। गोमती नगर के समता मूलक चौराहे से लेकर महानगर, अलीगंज और परिवर्तन चौक चौराहे पर भी एजेंसियों ने विज्ञापन पट लगा रखे हैं।

> विज्ञापन एजेंसियों को एलडीए छतों पर होर्डिंग लगाने के लिए एनओसी जारी नहीं कर रहा है। इससे प्रचार शुल्क काफी प्रभावित हो रहा था। तत्कालीन नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर होर्डिंग लगाने की अनुमति शुरू की गयी है। बिना अनुमति के चौराहों पर प्रचार सामग्री लगाने और मानक से बड़ी होर्डिंग लगाने पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –ओपी सिंह, कर अधीक्षक प्रचार, नगर निगम

तैयारी बनेंगे 10 सेक्टर, एलडीए ने साइन किया एक और एग्रीमेंट

आईटी सिटी में ग्रिड सड़कों का निर्माण जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पांच गांव के 39 भू-स्वामी ने 300 बीघा भूमि लैंड पूलिंग से दी

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण की सुल्तानपुर रोड व किसान पथ से सीधे कनेक्ट होने वाली आईटी सिटी योजना ने रफ्तार पकड़ ली है। कुल 10 सेक्टर विकसित किए जाएंगे और ग्रिड सड़कों का निर्माण अगले माह से शुरू हो जाएगा। गुरुवार को ए-स्क्वायर कंपनी के विवेक अग्रवाल व अंश अग्रवाल ने लैंड पूलिंग से मोहारी खुर्द गांव में अपनी 20 बीघा भूमि देकर एग्रीमेंट साइन किया और उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को डीड सौंपी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रस्तावित आईटी सिटी का क्षेत्रफल बढ़ाकर 2,858 एकड़ किया गया है। इसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग पांच हजार आवासीय भूखंड सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड नियोजित करेंगे। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए जमीन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को डीड सौंपते विवेक अग्रवाल व अंश अग्रवाल। अमृत विचार

इसके तहत पांच गांव के 39 भू-स्वामी ने अपनी 300 बीघा से अधिक भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से निशुल्क देने के आवेदन दिए हैं। ले-आउट के मुताबिक विकास कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अंतर्गत 45 मीटर, 30 मीटर, 24 मीटर व 18 मीटर चौड़ी ग्रिड सड़कों का निर्माण अगले माह से शुरू कराया जाएगा। मोहारी खुर्द गांव में साइट ऑफिस बनाने का काम चल रहा है। किसानों से वार्ता करके कार्य को गति देने के लिए दो-दो नायब तहसीलदार, अमीन, लेखपाल व दो कर्मचारियों की स्थल पर ड्यूटी लगाई है।

नगर निगम के मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर मृतक आश्रितों की नियुक्ति की मांग की है। संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने बताया कि नगर निगम में कार्यरत कई कर्मचारियों का असमय निधन हो गया। उनके आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति देने के लिए पत्रावलियां कई माह से प्रचलन में है लेकिन कार्रवाई न होने से उनके परिवार नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं। आश्रितों को नौकरी न मिल पाने के कारण उनके परिवारों को भरण-पोषण और इलाज में परेशानी हो रही है। संघ अपेक्षा करता है कि उक्त प्रकरणों में कार्रवाई के लिए प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान को निर्देश देने का कष्ट करें।

69 लाभार्थियों को मिली चाबी, खिले चेहरे

लाइट हाउस प्रोजेक्ट के सभी लाभार्थियों को मिलेगा कब्जा : निदेशक सूडा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अवध विहार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 69 लाभार्थियों को सपनों के आवास की चाबी मिली। गुरुवार को विधि-विधान से गृह प्रवेश किया और खुशी जताई।

लाभार्थी रोली दीक्षित ने गृह प्रवेश किया और कहा आज मेरा सपना पूरा हो गया। आज के दिन ऐसा उपहार मिला है जिसे मैं नहीं भूल सकती। रमेश कुमार सिंह कहते हैं कि सही मायनों में आज मेरा जीवन रोशनी से भर उठा है। यश कुमार कहते हैं कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त योजना में आवास पाकर मैं अपने आपको धन्य मान रहा हूं। इस अवसर पर निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे ने बताया कि सूडा ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 1,040 आवास निर्मित किए हैं। आवासों के निर्माण में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किया है। ये मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं। देश में पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क तकनीकी का प्रयोग लखनऊ समेत देश के छह अन्य शहरों में किया गया है। जल्द सभी लाभार्थियों को आवासों का कब्जा दिया जाएगा।

गृह प्रवेश के दौरान फ्लैट की चाबी दिखाकर खुशी जताते लाभार्थी।

एक नजर

ईरान- इजराइल युद्ध के बीच फंसे भारतीय श्रमिकों से संपर्क में है सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : ईरान-इज़राइल युद्ध के तस्वीरें डरावनी हैं। इसी डरावने माहौल के बीच इजराइल में हमारे भारत देश के हज़ारों श्रमिक भी इस कठिन परिस्थिति में फंसे हुए हैं। सरकार की योजना के अंतर्गत रोज़गार पाने वाले भारतीय श्रमिकों के परिवार में चिंता जताई जा रही है। इस मामले में यूपी श्रम मंत्री अनिल राजभर से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा सरकार ईरान-इज़राइल युद्ध पर पूरी नज़र रखी हुई है। भारतीय श्रमिकों से संपर्क में हैं। उनके अभिभावकों से भी बातचीत हो रही है। अभी हमारे भारतीय श्रमिकों के आस पास को हमले की सूचना नहीं है। वह सभी सुरक्षित हैं। अगर इज़राइल में परिस्थित विपरीत होती हैं तो सरकार सभी को सुरक्षित वापस लेकर आएगी। वहीं दूसरी ओर आप के प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे का कहना है कि किसी भी भारतीय श्रमिक को कुछ हुआ तो वर्तमान सरकार उसकी जिम्मेदार होगी।

आज सील होगा सहारा बाजार, एलडीए लेगा कब्जा

शर्तों के उल्लंघन पर निरस्त भूखंड की लीज डीड, विभूति खंड में 4741 वर्गमीटर में बना है बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विभूति खंड में पॉलीटेक्निक चौराहे के पास बना सहारा बाजार लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने कब्जे में लेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने एग्रीमेंट शर्तों का उल्लंघन करने पर लीज डीड निरस्त करते हुए भूखंड में पुर्नप्रवेश के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को टीम परिसर को सील बंद करेगी।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पॉलीटेक्निक चौराहे व वेव मॉल के बीच में 4741 वर्गमीटर के व्यावसायिक भूखंड पर सहारा बाजार बना है। प्राधिकरण ने यह भूखंड 9 जनवरी 1987 को सहारा इंडिया कार्पोरेशन लिमिटेड के पक्ष में 30-30 वर्ष की लीज पर आवंटित किया था। 9 जनवरी 2017 को भूखंड की लीज अवधि समाप्त हो गई। एग्रीमेंट की नियम व शर्तों के अनुसार लीज अवधि समाप्त होने से पूर्व नवीनीकरण नहीं कराया गया। शर्तों के उल्लंघन पर उपाध्यक्ष ने समिति गठित करते हुए गुरुवार को स्थल का निरीक्षण कराया और रिपोर्ट तलब की। शर्तों के उल्लंघन पर लीज डीड निरस्त कर दी। शुक्रवार को प्राधिकरण परिसर सील बंद करके अपने कब्जे में ले लेगा। भूखंड की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है।

पॉलीटेक्निक चौराहे के पास बना सहारा बाजार। अमृत विचार

दुकानों को खाली कर सामान लादकर ले जाते व्यापारी अमृत विचार

समिति को मिली खामियां, कराई मुनादी

समिति को जांच करने पर निर्मित 150 दुकानों में 11 संचालित मिलीं। दुकानदारों ने बताया कि फर्म से लगभग 25 दुकानों का अनुबंध है। शेष दुकानें अनुबंधित हैं और रिक्त पड़ी हैं। पूरा परिसर जीर्ण-शीर्ण, जगह-जगह गंदगी, मलबे व कूड़े का ढेर लगा मिला। अभियंत्रण व प्रवर्तन की टीम ने सहारा बाजार में मुनादी कराते हुए मौके पर उपस्थित लोगों को जगह खाली करने को अवगत कराया। इससे पहले दुकानदारों ने स्वयं से जगह खाली करने के लिए समय मांगा था, जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है।

सिविल के डॉक्टरों ने किए दो जटिल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सिविल अस्पताल के सर्जरी के डॉक्टरों ने आजमगढ़ की महिला की हार्निया और सुलतानपुर की मरीज के गर्भाशय का जटिल ऑपरेशन कर नया जीवन दिया है। आजमगढ़ की मरीज की दो बार स्थानीय अस्पतालों में ऑपरेशन हुआ था, लेकिन वह सफल नहीं रहा। अब दोनों महिलाएं स्वस्थ हैं। उन्हें कोई तकलीफ भी नहीं हो रही है। सिविल के निदेशक, सीएमएस ने ऑपरेशन करने वाली टीम की सराहना की है।

आजमगढ़ की महिला मरीज प्रीति (35) को इंसीजनल हार्निया था। उन्होंने सिविल की ओपीडी में डॉ. आनंद मिश्रा को दिखाया। डॉ. आनंद ने बताया कि महिला की आगे की पेट की मांसपेशियां पूरी तरह गायब थी। आंत सिर्फ चमड़ी के सहारे रुकी हुई थी। मरीज का आजमगढ़ के निजी अस्पताल में पहले ही दो बार ऑपरेशन किया जा चुका था, लेकिन वहां ऑपरेशन से उन्हें फायदा नहीं हुआ था। समस्या भी और अधिक बढ़ गई थी। ऑपरेशन में दो लाख रुपए का खर्च भी हुआ था। सिविल की ओपीडी में दिखाने के बाद मरीज की सारी जरूरी जांचें करवाई गईं। फिर महिला के एंटीरियर एब्डोमिनल वॉल की मरम्मत की गई। आंतरिक अंगों को सही से बिछाया गया। ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य लाभ होने पर मरीज को छुट्टी दे दी गई।

सुलतानपुर की मीना (40) को पेट फूल जाने और दर्द की समस्या थी। परिवारीजनों ने स्थानीय डॉक्टरों को कुछ दिन दिखाया, लेकिन वहां फायदा न होने पर उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां सर्जन डॉ. आनंद मिश्रा को दिखाया। डॉ. आनंद ने बताया कि मीना की शुरुआती जांच में हीमोग्लोबिन महज पांच ग्राम था। सीटी व दूसरी जांच हुई तो पता चला कि पेट में काफी बड़ा मांस का टुकड़ा है। अंडाशय (ओवरी) और बच्चेदानी के पास ट्यूमर से लगातार रक्तस्राव हो रहा था। ट्यूमर ने आंतों को दबाया हुआ था। हीमोग्लोबिन कम होने से तुरंत ऑपरेशन करने और रक्तस्राव होने का खतरा भी था। ऐसे में पहले खून चढ़ाकर हीमोग्लोबिन बढ़ाया गया। फिर ऑपरेशन कर ट्यूमर निकाला गया। अब महिला पूरी तरह स्वस्थ है। दो दिन बाद उसे छुट्टी दे दी जाएगी। सिविल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऑपरेशन करने वाली टीम में सर्जन डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. आदिल, एनेस्थीसिया डॉ. एसके सिंह, डॉ. विवेक द्विवेदी, ओटी असिस्टेंट सुदेश कुमार, सविता चौधरी, मीनकार आदि शामिल रहे।

2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाने का लक्ष्य : अनिल

अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः दुनिया में सबसे अधिक बाल श्रमिक अफ्रीका में है उसके बाद एशिया में है और एशिया में भी भारत और भारत में भी उत्तर प्रदेश में है जो कि चिंता का विषय है और चुनौती भी है।

प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त करने का बड़ा लक्ष्य है जिसके लिए हम सब मिलकर रात दिन प्रयास करेंगे और मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। यह बातें श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस सप्ताह के समापन समारोह में कहीं। यह समारोह इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। विशेष सचिव कुणाल सिल्कू ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और अन्य उपस्थिति लोगों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम् ने कहा कि शीघ्र ही यूनीसेफ के साथ मिलकर हम कार्य योजना पर विस्तृत कार्य करेंगे। उन्होंने यूनीसेफ द्वारा दिये जा रहे सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस समय बाल श्रम सिर्फ सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौती है। हमें अपने राज्य को उदाहरण बनाना है जहां हर बच्चा स्कूल जाए और सम्मान से जीवन जिए। कार्यक्रम में अटल आवासीय विद्यालय की महानिदेशक पूजा यादव द्वारा अटल आवासीय विद्यालय की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अटल आवासीय विद्यालय पर आधारित एक संक्षिप्त डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग माधव तिवारी, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग से बीएस निरंजन, चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण से विशेष सचिव आर्कया अखौरी व डॉ. सीएस बाजपेयी, पंचायती राज व ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर भिक्षावृत्ति से मुक्त करायी गयी पायल व माही को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर। अमृत विचार

11 हजार से अधिक बाल श्रमिकों को किया गया पुनर्वासित

यूनिसेफ के कार्यक्रम प्रबंधक अमित मेहरोत्रा ने कहा कि बाल श्रम हर उस बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन है जो स्कूल, सुरक्षा और संरक्षण का हकदार है। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर राज्य कार्ययोजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने कहा कि हमारी यह मुहिम बचपन बचाने की है और हम बचपन को सुरक्षित करने का भी संकल्प लेते हैं। श्रम विभाग द्वारा गत वर्ष 11000 से अधिक बाल श्रमिकों को चिन्हित कर पुनर्वासित कराया गया है तथा यह प्रकिया निरंतर चलती रहेगी जब तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त नही करा लेंगे।

निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में करें पूरे: सीनियर डीसीएम

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कुलदीप तिवारी द्वारा शाहगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पर हो रहे विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय, टिकट घर, साइनबोर्ड, स्टेशन परिसर की सौंदर्यीकरण प्रक्रिया एवं निमार्णाधीन ढांचे की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शाहगंज स्टेशन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्लेटफार्मों का पुनर्विकास, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, हरित क्षेत्र विकास आदि कार्य प्रस्तावित हैं।

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, कायमगंज, फर्रूखाबाद

निविदा सूचना

सत्र 2025-26 हेतु चीनी मिल में ई-निविदा के माध्यम से चीनी मिल विभिन्न प्रकार की सामाग्री की आपूर्ति जैसे-सी.आई. जी.एम., कास्टिंग, क्लीनिंग इक्युपमेंट्स, रबर गुड्स, पैकिंग मैटेरियल, एस०एस० लाईनर, सर्पोटिंग लाईनर तथा ब्रास लाईनर, केन अनलोडर हेतु हाईड्रोलिकग्रेब, कापर इनेमिल वायर, केन कटर हब को बदलने, निकिल स्क्रीन, सबमर्सिबल पम्प क्रय किए जाने का कार्य। जॉब वर्क जैसे-मिल टरबाईन नं0-1 के एम०एफ०जी० गियर बॉक्स की रिकण्डिनिंशिग, ब्यायलर के टयूबों की आंतरिक एवं बाहरी सफाई, ब्यायलरों पर मसेनरी कार्य, इंस्ट्रूमेटेशन, अल्ट्रासोनिक थिकनेस टेस्टिंग, ए०सी०बी० रिपेयरिंग विद् ए०एम०सी, डी०जी० सेट, वी०एफ०डी. वैक्युम फिल्टर रिपेयरिंग, सी०सी०टी०वी० कैमरों की ए०एम०सी० एवं स्पेयर, मिल हाईड्रोलिक एक्युमुलेटर से सम्बन्धित कार्य, आर.बी.सी. के पास एकत्रित बैगास को एकत्रित करना, मिल में स्थापित वेट स्क्रेबर के ऍश पॉण्ड में एकत्र होने वाली फलाई एश (राख) को अपने संशाधनों से हटाना तथा निर्देशित स्थान पर डालना, सल्फेट रिमूवल, ई०टी०पी० संचालन का कार्य, स्टोर में आए हुए विभिन्न सामानों जैसे-चूना, सल्फर, एच.डी.पी.ई. बैग्स, केमिकल्स एवं अंयत्र भेजे जाने वाले सामानों को अपने संशाधनों से लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य,, ब्यायलरों से निकलने वाली राख/क्लिंकर बिकी, पॉण्ड, ई०टी०पी० के नॉली, लैगूनों की सफाई पुताई एवं चीनी बाउण्ड्री से रेलवे लाईन से होते हुए नाली की सफाई का कार्य, क्वॉड बॉडी, जूस हीटर, पैन, वेपर सेल, चीनी गोदामों से सम्बन्धित कार्य, ड्रायर हाऊस में चीनी के बोरों की भराई, तौलाई एवं सिलाई का कार्य तथा पेराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिल के वैक्युम फिल्टर से निकलने वाली प्रेसमड/मैली की विक्रय तथा सामान्य निविदा के माध्यम से मिल परिसर के अन्दर एल्युमिनियम, गनमेंटल तथा सी.आई./सी.एस. मैटेरियल की ढलाई का कार्य एवं किराए पर फोर व्हीलर लगाए जाने हेतु दिनांक 18.06.2025 से दिनांक 15.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी मिल कार्यालय एवं बेव-साईट **www.etender.up.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

सही समय पर आयकर जमा करना देश के विकास में मदद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ के गोमतीनगर के सीएमए भवन के ऑडिटोरियम में इंस्टीटयूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के लखनऊ चैप्टर ने एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में लखनऊ चैप्टर की ओर से नए आयकर विधेयक 2025 और निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए नई आयकर रिर्टन उपयोगिताओं पर अपडेट विषय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्या वक्ता के रूप मे वरिष्ठ कर और वित्त सलाहकार सीएमए डॉ. पवन जायसवाल उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह द्वारा दीपदान प्रज्वलित करके किया गया, जिसमें सीएमए डॉ. पवन जायसवाल, सीएमए जूही उपाध्याय, सीएमए अभिषेक मिश्रा, सीएमए नरेंद्र कुमार, सीएमए सुनील सिंह, एनआईआरसी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने भाग लिया। रंजीत सिंह ने बताया कि हाल में ही सीबीडीटी (सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टाक्सेशन) ने आयकर विवरण जमा करने की अंतिम तारीख जो कि 31 जुलाई 2025 (वित्तिय वर्ष 24-25) हैं। उसको बढ़ाकर 15 सितम्बर 2025 कर दिया गया है। इसके पीछे सरकार द्वारा आयकर विवरण में मांगी गयी सूचनाओं की जानकारी को और पुख्ता तरीकों से जॉच करना होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग पुरानी स्कीम के तहत आयकर विवरण भरकर जमा कर रहे है और विभिन्न डिटक्शन और अलावेन्सस् का लाभ लेकर अपनी आय को कम परदर्शित कर रहे है। उन कटौतियों का ऑनलाइन सत्यापन करना ही सरकार का मकसद होगा। इसलिए भविष्य में आयकर विवरण बहुत ही सोच समझ कर भरना होगा, ताकि किसी भी प्रकार की जवाबदेही से बचा जा सके और सही समय पर सही आयकर जमा कर देश के विकास में मदद हो सके।

सीएमए डॉ. पवन जायसवाल ने आईटीआर यूटीलीटीज के जरिये करदाताओं को विभन्न श्रेणियों में अलग-अलग कर, उनको अपने हिसाब से कर प्रणाली को और सुदृण बना सके साथ ही नई कर प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया।

दीप प्रज्ज्वलित करते सीएमए अध्यक्ष रंजीत सिंह व अन्य। अमृत विचार

▸▸ आयकर रिटर्न उपयोगिताओं पर सेमिनार का आयोजन

कर्मचारी हितों और सरकारी कामकाज पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नरमू की 245 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक का आयोजन

अमृत विचार: उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) की दो दिवसीय 245 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की शुरुआत मण्डल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए डीआरएम ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य में की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस बैठक में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के कर्मचारी हित एवं कल्याण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने की अपेक्षा की। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अमित पाण्डेय द्वारा आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह एवं शूरवीर सिंह सहित समस्त विभागों के शाखाध्यक्ष, नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के मण्डल अध्यक्ष, विभूति मिश्रा एवं मण्डल मंत्री, आरके पाण्डेय, सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा नाम कृष्ण कुमार पुत्र रामप्रसाद है मुझे छन्नू नाम से भी जाना पहचाना जाता है भविष्य में कृष्ण कुमार नाम से ही जाना जायेगा। **पूर्वी बाजार कछौना हरदोई**

सूचना

मै **रमेश कुमार पुत्र बाबूराम रस्तोगी निवासी 224/62 पंजाबी टोला राजाबाजार लखनऊ** का हूँ। आधार न0 321479018688, जन्म तिथि 6/4/1944 है। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम रमेश चन्द्र रस्तोगी अंकित है। रमेश कुमार एवं रमेश चन्द्र रस्तोगी एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे रमेश कुमार के नाम से ही भविष्य में जाना पहचाना जाए।

सूचना

सूचित है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा-गोविन्द नगर, कानपुर नगर के खाते में मेरा नाम नूर हाशमी अंकित है जबकि मेरा सही नाम नूर हाशमी अंसारी है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अतः बैंक के दस्तावेजों में मेरा नाम नूर हाशमी के स्थान पर नूर हाशमी अंसारी अंकित किया जाये। **नूर हाशमी अंसारी पुत्री स्व0 मोहम्मद अयूब निवासिनी - 34/11 जूही लाल कालोनी कानपुर नगर- 208014**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **धन्नो देवी व प्रिया पत्नी सुरेश कुमार नि0 म0 नं0 558 / ए स्ट्रीट 5 मोगा रोड अमन नगर कोट कपूरा जिला फरीदकोट पंजाब** की निवासी हूं। दोनों मेरे ही नाम है। मैं दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सुचिता पुत्री बृज भूषण निवासी-सेनवाहे दा 0 सेवढा पोस्ट शिवदहा तहसील विकासखण्ड थाना पयागपुर जिला बहराइच उत्तर प्रदेश** का निवासी हूं। मेरा नाम सभी दस्तावेजो में सुचिता दर्ज है जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश विचिता देवी अंकित हो गया है अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सुचिता से जाना और पहचाना जाए।

सूचना

मेरा असली नाम आकांक्षा पाल पुत्री अमृत पाल है घर का नाम आद्या पाल है मुझे दोनों नाम से जाना जाता है। भविष्य में मुझे **आकांक्षा पाल** नाम से ही जाना जायेगा। **नि.सरसंड पोस्ट बरवा सरसंड तहसील संडीला हरदोई**

सूचना

सूचित हो कि **हर्षित गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर।** मेरी पत्नी सुमन गुप्ता से एक पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म 08/03/2009को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतरू मेरे पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म तिथि 08/03/2009 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

सूचना

मैंने इंटर की परीक्षा वर्ष 2024 में बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल सहेरुआ,प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण की है। अनुक्रमांक 23738064 है। मेरे इंटर के अंकपत्र में मेरा नाम सचिन कुमार सरोज हो गया है,जबकि मेरा सही नाम सचिन सरोज (SACHIN SAROJ) है। मेरी मां का नाम फू कुमारी सरोज हो गया है,जबकि सही नाम फूल कुमारी सरोज (PHOOL KUMARI SAROJ) है। **सचिन सरोज पुत्र दिनेश सरोज,ग्राम - चौबेपुर, पोस्ट - सराय मुरार सिंह,जिला - प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अपना नाम MOHD AMIN था। जिसे बदलकर MO AAMEEN कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मो आमीन पुत्र अब्बुल बशर निवासी ग्राम चिन्तौरा कला पोस्ट- मुबारकपुर तहसील- टाण्डा जनपद - अम्बेडकर नगर**

रोटरी क्लब ने सौंपी 5 डायलिसिस मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती की ओर से गुरुवार बलरामपुर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग को 5 डायलिसिस मशीनें सौंपीं गईं।

इस दौरान डायलिसिस मशीनों के हैंडओवर समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर हलवासिया व विशिष्ट अतिथि बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार रहे। सुधीर हलवासिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज को सेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है। लोगों को आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि ने इन मशीनों का लोकार्पण कर अस्पताल को सौंपी। इस मौके पर बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती का आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी तरह अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी मदद के लिए आगे आना चाहिए। जिससे गरीब मरीजों के इलाज में मदद मिल सके। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील बंसल, डॉ. पंकज मित्तल, अध्यक्ष, पूर्वी मित्तल सचिव, अजय कपूर कोषाध्यक्ष और क्लब के 20 से अधिक सदस्यों की मौजूदगी रही।

बलरामपुर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

▸▸ रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती ने कार्यक्रम का आयोजन कर बलरामपुर अस्पताल को मशीनें सौंपी

।। कार्यालय ग्राम पंचायत खाफा, वि0 ख0 पहला - सीतापुर।।

पत्रांक मेमों/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2025-26 दिनॉक :- 19-06-2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 20-06-2025 से 25-06-2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा**, वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 26-06-2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 26-06-2025 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा,** वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

क0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री की अनुमानित लागत GST. सहित	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की पात्रता
1	ग्राम पंचायत खाफा में मनरेगा पार्क निर्माण कार्य।	536512.00	11000.00	निःशुल्क	06 माह	क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार

निविदा की पात्रताः-1-निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 25-06-2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी **खाफा**, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।

2-निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3-निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0 डी0 आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा**, वि0 ख0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

खाफा, वि0ख0पहला,सीतापुर

बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः भारतीय दूरसंचार मंच सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के आव्हान पर बीएसएनएल हजरतगंज सर्किल ऑफिस में अधिकारी, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें भारतीय दूरसंचार मंच उप्र पूर्वी परिमंडल बीएसएनएल के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सरन चौधरी, बीटीईयू के राष्ट्रीय महामंत्री आरसी पांडे, सहायक महामंत्री आरएन मिश्रा, प्रदेश सचिव अजय सिंह, राजेश सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। चौधरी ने कहा कि बीएसएनएल की ओर से 4जी और 5जी सेवाएं शुरू करने में हुई विफलता के कारणों की जांच हो। बीएसएनएल के बैकहॉल और अन्य फाइबर नेटवर्क का ओवरहॉलिंग और सुदृढ़ीकरण हो। कम नेटवर्क उपलब्धता के कारण होने वाली बार-बार मीडिया आउटेज को रोकने के लिए वैकल्पिक तंत्र की व्यवस्था हो। नेटवर्क व एफटीटीएच के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को पर्याप्त संसाधनों दिये जाये। बीएसएनएल में अधिकारियों के लिए तीसरे पीआरसी का कार्यान्वयन, बीएसएनएल की रणनीतिक पीएसयू के रूप में स्थिति और स्वदेशी 4जी व 5जी तकनीक के विकास के लिए ''मेक इन इंडिया'' पहल में भागीदारी के मद्देनजर सामर्थ्य धारा को किया जाये। बीएसएनएल की लाभप्रदता से पेंशन पुनरीक्षण को अलग किया जाये। बीएसएनएल व एमटीएनएल पेंशनर्स का पेंशन पुनरीक्षण केंद्रीय सरकार के पेंशनर्स के समान किया जाये।

प्रदर्शन करते बीएसएनएल के कर्मचारी। अमृत विचार

▸▸ 4जी और 5जी की सेवाएं बेहतर करने की मांग

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
जलकल विभाग जोन 6 बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांकः- 55/EE-6/L.J.S/2025-26 दिनांक 19/06/2024

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 26/6/25 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 26/6/25 को जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद / एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण यताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0 धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 9 nag at Ward Acharya Narendra Dev Bhwaniganj, Gadi Peer Khan and Ambarganj	रू 210277.00	रू 4300	रू 250	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

एक नजर

परिवहन मंत्रालय ने टोल टैक्स में राहत देकर सफर को बनाया आसान

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा टोल टैक्स में राहत देने का निर्णय सराहनीय है। इससे सफर में राहत मिलेगी। साथ ही बार-बार टोल पर कर देने से बचत होगी और समय बचेगा। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि देश गुणवत्तापरक सड़कें बनने से वाहनों के जीवन में वृद्धि हुई है और वाहनों के मालिकों को इसका लाभ मिल रहा है। अब तक प्रत्येक व्यक्ति को एक बार टोल पार करने के लिए 50 रुपए देने पड़ते थे। परन्तु 15 अगस्त से पूरे देश में लागू होने वाले इस फैसले से अब मात्र 3000 रुपए एक बार देने पर साल भर में 200 बार टोल पार किया जा सकेगा जो महज 15 रुपए होगा। इस राहत से व्यापारियों और आम जनता में खुशी है। व्यापार मंडल इस फैसले का स्वागत करता है।

रंगरूटों ने ग्रहण की राष्ट्र सेवा की शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज में गुरुवार को 151 रंगरूटों के चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण के सफल समापन पर औपचारिक सत्यापन परेड का आयोजन हुआ। एएमसी के नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग के कमांडर ब्रिगेडियर ऋषिराज एन वर्मा ने परेड की समीक्षा की। समारोह के दौरान रंगरूटों ने समर्पण और व्यावसायिकता के साथ राष्ट्र की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता का शपथ ली। नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग के डिप्टी कमांडर कर्नल जितेन्द्र कुमार शर्मा ने रंगरूटों को शपथ दिलाई।

जुमे की नमाज के बाद आसिफी इमामबाड़े में अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े में जुमे की नमाज के बाद इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद के नेतृत्व में होगा। मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि इजराइल ने ईरान पर हमला बोला और जब ईरान ने हमले का जवाब दिया तो इजराइल के प्रधानमन्त्री नेतन्याहू और अमरीकी राष्ट्रपति ने सर्वोच्च शिया धर्मगुरु आयतुल्लाह खामेनेई को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस धमकी के खिलाफ जुमे की नमाज के बाद शिया समुदाय प्रदर्शन करेगा।

राहत

लखनऊ : राजधानी में गुरुवार को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी। इस दौरान गोमतीनगर, हजरतगंज, एयरपोर्ट और कैंट इलाके में झमाझम बारिश हुई। पूरे दिन में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार 21 जून को भारी बारिश हो सकती है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 .2 डिग्री दर्ज किया गया यह सामान्य तापमान से 0 .8 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 28 .1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1 .1 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने 20 से 22 जून के बीच थंडर स्टॉर्म, लाइटनिंग और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और बादलों की गरज चमक बरकरार रहेगी। 23 जून तक बारिश का असर बना रहेगा। इसके बाद मौसम साफ होगा।

अव्यवस्थाओं का शिकार इंदिरानगर डिवीजन

बिजली के खंभों पर लदी है पेड़ों की लाताएं, तो वहीं जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर बढ़ा रहे मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उपभोक्ताओं की समस्याओं का इलाज करने वाला बिजली विभाग का इंदिरानगर डिवीजन खुद ही बदहाली का शिकार है। डिवीजन में लगे बिजली के पोल जहां पेड़ों की झाड़ियों से पटा है, वही पेड़ों के बीच से गुजरते केबिल तार पूरे अनुरक्षण कार्य पर सवाल खड़ा कर रहे है। नये कनेक्शन, बिलों के समायोजन सहित तमाम समस्याओं के निवारण के लिए यहां हर दिन सैकड़ों उपभोक्ताओं का आना जाना है। बावजूद इसके डिवीजन में लगा कूड़े के ढेर और उससे उठती बदबू उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ाने के साथ बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता की कहानी कह रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार डिवीजन में साफ-सफाई सहित पेड़ों की कटाई-छटाई का काम समय-समय पर किया जाता है। फिर भी अगर कोई कमी रह जाती है, तो अधिकारियों के संज्ञान में आते ही उस पर कार्रवाई शुरू हो जाती है।

ट्रांसगोमती के इंदिरानगर डिवीजन में एक लाख से अधिक

खंभें पर लदी लाताएं।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए एसडीओ से लेकर अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता के कार्यालय इसी परिसर में है। यहां हर दिन सैकड़ों उपभोक्ता गलत बिजली के बिल, उनके समायोजन से लेकर हर तरह की समस्या के निवारण के लिए अधिकारियों के कार्यालयों में आते है। इन सबके बावजूद इस डिवीजन में घुसते ही अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। परिसर के चारों ओर पेड़ों की झाड़ियों के साथ बिजली के खंभों में पेड़ों की लताओं ने कब्जा जमाया हुआ है। मालूम

> जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर का हटाने के लिए नगर निगम को कहा गया है। इसके साथ ही अनुरक्षण कार्यो के दौरान खंभों पर लगी लताओं और पेड़ो के बीच गुजर रहे केबिल तारों का हटाने का काम निरंतर किया जाता है। बावजूद अगर डिवीजन में इस तरह की समस्या होगी, उसे तत्काल दूर कराया जायेगा।
>
> **-प्रेमलता सिंह,** अधीक्षण अभियंता इंदिरानगर डिवीजन

हो कि यहीं से डिवीजन के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्रो के अनुरक्षणों कार्यों की फाइलें इन्हीं जिम्मेदार अधिकारियों के पास से गुजरती है। बावजूद इसके इसी परिसर में न तो खंभों पर लदी लाताओं और पेड़ो के बीच से गुजर रहे तारों को अलग करने का अनुरक्षण कार्य तक नहीं कराया गया है। इसके साथ ही यहां जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर के कारण मच्छरों ने डेरा जमाया हुआ है। सेक्टर-14 मुंशीपुलिया निवासी अर्चना मिश्रा ने बताया कि कनेक्शन ट्रांसफर कराने के काम के लिउ इस डिवीजन में आए है। डिवीजन परिसर में लगे कूड़े के ढेर मे मौजूद मच्छरों को देखकर डेंगू से पीड़ित होने का डर सताने लगा है। कर्मचारियों से इस बाबत कहा तो उन्होने काम निपटाकर यहां से जाने की सलाह हमें दे दी। ये डिवीजन का तब हाल है जब बड़े अधिकारी यहां उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिए यहां बैठे हुए है।

वहीं सर्वोदय नगर निवासी आनंद कुमार ने बताया कि गलत बिल को सही कराने के लिए डिवीजन ऑफिस आए है, लेकिन यहां का हाल देखकर आश्चर्य हुआ कि यहां बिजली के पोल पेड़ो की टहनियों के साथ पेड़ों के बीच से केबिल तार गुजर रहे है। इसके चलते यहां कभी भी किसी के साथ दुर्घटना हो सकती है। साथ ही जगह-जगह कूड़े के ढेर लगा है। डिवीजन का हाल देखकर इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में कैसे अनुरक्षण किया गया है।

गुरुवार की रात 1912 सेवा का औचक निरीक्षण करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

ऊर्जा मंत्री ने टोल फ्री नं 1912 की व्यवस्था का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरूवार को रात विधानसभा मार्ग स्थित टोल फ्री नं-1912 की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां आई शिकायतों का फीडबैक लिया और सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कारवाई की जायेगी। उन्होंने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अतिरिक्त अन्य डिस्कॉम से संबंधित शिकायतों को वहां पर भेजने और उसके निस्तारण होने का संज्ञान लेने के भी निर्देश दिए।

सार-संक्षेप

बीबीएयू में योग महाकुंभ के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वृहद स्तर का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन, योग विभाग तथा योग वेलनेस सेंटर, बीबीएयू के संयुक्त तत्वावधान में 100 दिवसीय नि:शुल्क योग कार्यक्रम श्रृंखला 'योग महाकुंभ' का आयोजन किया गया है। प्राकृतिक चिकित्सा एवं संज्ञानात्मक अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. बी.सी. यादव ने बताया कि 'योग महाकुंभ' के अंतर्गत अब तक कई जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं योग कक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में आगामी 21 जून को बिरसा मुंडा गतिविधि केंद्र में प्रात: 6 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। डॉ. दीपेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्यक्रम को विशेष और प्रभावी बनाने हेतु योग वेलनेस सेंटर, एनसीसी, एनएसएस, खेल अनुभाग तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। लगभग 800 से 1000 प्रतिभागियों को एक साथ योग अभ्यास कराने की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर सभी योग साधक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन भी सुनेंगे और फिर कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास करेंगे।

योग की प्रासंगिकता पर ऑनलाइन संगोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम्, प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट व काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विकसित भारत के संदर्भ में योग की प्रासंगिकता वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के संरक्षण में हुआ। संचालन एवं संयोजन महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा पाण्डेय द्वारा किया गया। डॉ. प्रशांत शुक्ला, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने दार्शनिक दृष्टिकोण से योग की विवेचना करते हुए योग को केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शुद्ध शैली बताया। योगाचार्य प्रशांत शुक्ला ने योग के पांच तत्वों के संतुलन पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने करते हुए कहा कि योग को राष्ट्र निर्माण की आत्मा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त नागरिक ही भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। आयोजन में विशाल, सोनू कुमार, डॉ. नेहा अग्रवाल समेत अनेक प्रतिभागियों ने हिससा लिया।

प्रकृति की शान्ति और निर्मल सानिध्य में हुआ योग कार्यक्रम

जनेश्वर मिश्र पार्क में योग करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और भारतीय आदर्श योग संस्थान की ओर से गुरुवार को सुबह 6 बजे से जनेश्वर मिश्र पार्क में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रकृति की शान्ति और निर्मल सानिध्य में योग के अन्तर्गत हुए योग के कार्यक्रम में अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर तथा अकादमी, कथक केन्द्र व जयघोष के कर्मचारियों के साथ-साथ अकादमी में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं के प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। इस योग समागम में भारतीय आदर्श योग संस्थान के सदस्य भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रार्थना एवं ओम उच्चारण के बाद योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाईं और यह भी बताया कि प्रत्येक योग क्रिया किस बीमारी को दूर करने में सहायक है। कार्यक्रम के अन्त में कृष्ण दत्त मिश्रा ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व निदेशक को पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया।

दिव्यांग छात्रों ने ह्वीलचेयर पर बैठकर सीखा योग

ह्वील चेयर पर बैठकर योगाभ्यास करता छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के भव्य आयोजन हेतु सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास का मुख्य उद्देश्य पूर्वाभ्यास करना था जिनको 21 जून को किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम दिन के योगाभ्यास में दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास के अंतर्गत सूर्य नमस्कार, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाती, त्रिकोणासन आदि किया। योगाभ्यास हेतु उपस्थित प्रतिभागियों को डॉ. आद्या शक्ति राय व योग इंस्ट्रक्टर किरण यादव के द्वारा ये सभी योग कराए गए। योगाभ्यास में विश्वविद्यालय के दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग विद्यार्थियों के अतिरिक्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

8 विभूतियों को मिलेगा उड़ान लता मंगेशकर सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान की ओर से आगामी 22 जून को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे में 8 विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उड़ान संस्था की अध्यक्ष सरिता सिंह ने बताया कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर और पद्मभूषण शारदा सिन्हा की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में कथक गुरु पं. राम मोहन महाराज, शास्त्रीय संगीत गायिका डॉ. सीमा भारद्वाज, प्रमुख सचिव कौशल विकास डॉ. हरिओम, शास्त्रीय गायक पं. रामेश्वर प्रसाद मिश्र, भातखंडे संस्कृति संस्थान में गायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, संगीत नाटक अकादमी के पूर्व निदेशक तरुण राज, व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना और तबला वदाक शेख मोहम्मद इब्राहिम को चौथे उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

गूंगी व बहरी नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 20 साल की कैद

लखनऊ, विधि संवाददाता। गूंगी व बहरी नाबालिग किशोरी के साथ दुराचार करने के एक मामले में पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने निगोहा थाने के भैरमपुर निवासी शिवबरन उर्फ नान्हू को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 40 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता सुखेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता द्वारा 3 जून 2015 को निगोहा थाने में दर्ज कराई गई थी। जिसमें कहा गया है कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कि गूंगी व बहरी है उसके साथ गांव में रहने वाला शिवबरन उर्फ नान्हू कई महीनों से जबरदस्ती दुराचार कर रहा है। अदालत को बताया गया कि इस बात को उसकी गूंगी लड़की ने इशारा करके अपनी छोटी बहन को 2 जून को बताया था। उसके बाद पीड़िता ने भी इशारा करके बताया तब उसे विश्वास हो गया कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुराचार किया है। घटना की जानकारी होने के बाद वादी पुत्री को अपने साथ लेकर थाने रिपोर्ट लिखाने गया था। सजा के प्रश्न पर सुनवाई के दौरान सरकारी वकील को सुनने के बाद अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि आरोपी ने वादी की अवयस्क पुत्री जो कि 17 साल की है तथा सुनने वह बोलने में अक्षम है। उसके साथ अभियुक्त द्वारा न केवल घृणित अपराध किया गया है बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी एक घृणित अपराध है। जिसके कारण उसके साथ नरमी बरता जाना उचित न होगा।

सृष्टि अपार्टमेंट पहुंची टीम, चेक की लिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अमृत विचार में गुरुवार को 'खतरनाक : झटके मारकर चल रही सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट' शीर्षक से प्रकाशित खबर का लखनऊ विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों ने संज्ञान लिया। सुबह अफसरों के निर्देश पर पहुंचे कंपनी के उत्तर प्रदेश एरिया हेड सुरेन्द्र यादव व सर्विस सुपरवाइजर सुभाष दास ने सभी लिफ्ट चेक की और दो से तीन दिन में मरम्मत करके कमियां दूर करने की बात कही। दिलचस्प यह है कि गुरुवार को दोपहर में बी- ब्लॉक की लिफ्ट बंद होने से दो लोग फंस गए। जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट का अनुरक्षण कार्य एलडीए द्वारा किया जाता है। आवंटियों की शिकायत है कि

खबर का असर

खतरनाक : झटके मारकर चल रही सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

लिफ्ट के मेंटीनेंस में लापरवाही बरती जाती है। इस कारण सभी आठ टावरों में लगी 16 लिफ्ट अक्सर खराब रहती हैं। इनमें कई झटके मारकर चलती हैं। बीच-बीच में बंद होने से लोग फंस जाते हैं। कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। गुरुवार का यह मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया तो जिम्मेदार सक्रिय हुए। एलडीए के अधिकारियों ने आवंटियों

सृष्टि अपार्टमेंट में लिफ्ट चेक करते कंपनी के अधिकारी।

- अमृत विचार ने प्रकाशित खबर का एलडीए ने लिया संज्ञान
- जल्द दुरुस्त होंगी सभी लिफ्ट, बदली जाएगी रोपिंग बेल्ट
- एक का इलाज हो नहीं पाया आज दूसरी लिफ्ट में आ गया संकट

से इसकी जानकारी की देखरेख व मरम्मत करने वाली कंपनी की टीम भेजी। जिनके द्वारा सभी लिफ्ट चेक की गईं। ए ब्लॉक की लिफ्ट की खराब रोपिंग बेल्ट मंगाकर बदलने की बात कही गई। आश्वासन दिया की दो से तीन दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन, इस दौरान एलडीए के कोई अधिकारी या अभियंता मौके पर नहीं पहुंचा।

योग ऊर्जा से तरंगित होगा लखनऊ विश्वविद्यालय में लघु विश्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ज्ञान, विज्ञान, शोध और साधना का उर्जाकेंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग उर्जा से तरंगित होने जा रहा है। कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में लघु विश्व का दृश्य देखने लायक होगा जब 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के छात्र-छात्राएं योग करते दिखाई देंगे। इतना ही नहीं, इस बार विश्वविद्यालय ने सूर्यनमस्कार को लेकर विश्व रिकार्ड कायम करने का भी संकल्प लिया है। यह प्रथम अवसर होगा जब विश्वविद्यालय प्रांगण में विदेशी छात्र योग प्रदर्शन करेंगे। अधिकांश छात्र-छात्राएं योग को लेकर जागरुक हैं और इसे उर्जा बढ़ाने और मानसिक शांति का सर्वश्रेष्ठ उपाय मानते हैं।

इसे लेकर जब विदेशी छात्रों से बात की गई तो छात्रों ने कहा कि यह उनके लिए पहली बार होगा जब वे इतने बड़े समूह में योगाभ्यास में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित योग सत्रों की वजह से न केवल उन्होंने योग सीखा बल्कि इसके प्राचीन अभ्यास के लाभों को भी समझा। तनाव प्रबंधन का एक बेहतरीन तरीका पाया और अब वे इसे अपनी दिनचर्या में 30 से 45 मिनट के लिए शामिल कर चुके हैं। नामीबिया से बीकॉम कर रहे पेट्रस का कहना है कि मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर उत्साहित हूं।

स्वास्थ्य सुधारने के साथ घर खर्च चलाने का सशक्त माध्यम बना योग

ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेज के लिए फीस ले रहे योग प्रशिक्षक, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लोगों का स्वास्थ्य सुधारने के साथ ही योग घर खर्च चलाने का सशक्त माध्यम भी बन रहा है। योग गुरु जहां योग प्रशिक्षण के जरिए लोगों की सेहत सुधार रहे हैं, वहीं प्रशिक्षुओं को इसकी ट्रेनिंग देकर उनका जीविकोपार्जन भी सुनिश्चित कर रहे हैं। लखनऊ जिला योग संघ पदाधिकारियों के अनुसार आज लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन योग प्रशिक्षण देने का काम तेजी से कर रहे हैं। वहीं अब झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले भी तेजी से जुड़ रहे है।

राजधानी में दो सौ से अधिक लोग योग प्रशिक्षण से जुड़े हुए हैं। योग के महत्व को समझते हुए महिलाएं आज तेजी से योग को अपना रही है। आज महिलाएं घर से न निकल पाने के बावजूद घर पर ही योग कर खुद को स्वस्थ रख रही है। इसके साथ ही सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी भी ऑनलाइन प्रशिक्षण लेकर योग कर खुद को फिट रखने में जोरों से जुटे हैं। कार्यालय जाने से पूर्व हो या शाम को लौटने के बाद लोग ऑनलाइन योग की क्लास ले रहे हैं। खासकर फ्लैट में रहने वाले खुद को फिट रखने को योग का सहारा ले रहे हैं। गोमती नगर, इंदिरा नगर, विकास नगर, आलमबाग, अलीगंज के साथ ही चौक में भी योग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इन इलाकों में लोग पार्कों या कहीं भी खुले स्थान पर लोग योग कर रहे हैं।

सही योग प्रशिक्षक का ही करें चुनाव

योग के लिए सही प्रशिक्षक का चुनाव ही बेहतर होता है। किसी भी योग प्रशिक्षक से प्रशिक्षण लेना नहीं शुरू करना चाहिए। इसके साथ ही योग प्रशिक्षक से जुड़ी सभी जानकारी जरूर लेना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर लोग लखनऊ जिला योग संघ से संपर्क कर सकते हैं। योग के गलत आसन और अन्य मुद्राओं से शरीर को नुकसान उठाना पड़ सकता है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में योग का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाता है। खेल निदेशालय की ओर से इसकी व्यवस्था की गई है।

कम खर्च और घर में ही कर सकते हैं योग

योग प्रशिक्षक के अनुसार योग करने के लिए किसी को भी कोई खास उपकरण खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है। टीशर्ट- नेकर के साथ रबर का मैट ही इसके लिए चाहिए होता है। अन्य खेलों पर अधिक खर्च आता है। उसके उपकरण के साथ लोगों को घर के बाहर जाना पड़ता है।

> जो लोग व्यस्तता के कारण घर से नहीं निकल पाते, वे फिटनेस के लिये योग का सहारा ले रहे हैं। वहीं हमारे कई प्रशिक्षु ऑनलाइन और ऑफलाइन योग का प्रशिक्षण देकर जीविकोपार्जन भी कर रहे है। इसके साथ कई योग प्रशिक्षक अपने घरों में भी योग की ट्रेनिंग दे रहे हैं।
>
> **-मालविका वाजपेयी,** महासचिव, लखनऊ जिला योग संघ

योग महोत्सव की जानकारी प्रेस को देते भाजपा युवा नेता नीरज सिंह महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी।

'योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' की थीम पर मनाया जाएगा योग दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा मंडल स्तर पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। 21 जून को प्रात: 6 बजे अंबेडकर पार्क गोमतीनगर में एक वृहद योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हलवासिया कोर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान योग कार्यक्रम प्रभारी नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। नेताद्वय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग का साक्षात्कार पूरे विश्व से कराया है। योग मन, मस्तिष्क और शरीर को एकाकार करने का कार्य करता है। योग हमारे भारत की संस्कृति का प्रतीक है। योग महोत्सव को हम सभी मिलकर एक भारत समृद्ध भारत और "योग फार वन अर्थ वन हेल्थ" की थीम पर भव्यता के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस बार योग दिवस पर बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग शामिल होंगे। धर्मपाल सिंह सहित अनुसूचित समाज के वरिष्ठ नेता भी योग कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के "एक भारत समरस भारत" के भाव के साथ 21 जून को प्रात: 6 बजे अंबेडकर पार्क में योग कार्यक्रम के लिए जुटेंगे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग भी सम्मलित होंगे। इसमें लखनऊ की विभिन्न बस्तियों और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग सहभागिता कर रहे हैं। अनुसूचित समाज के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार हैं कि योग के माध्यम से सभी स्वस्थ रहें, क्योंकि स्वस्थ तन और मन से ही व्यक्ति स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। वहीं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लखनऊ महानगर के सभी 25 मंडलों में वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कैंट मंडल 2 के समर विहार पार्क में सम्मिलित होंगे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का खुला राष्ट्रीय अधिवेशन 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : आगामी 22 जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्क्स प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का खुला राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें 27 प्रदेशों से राष्ट्रीय प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और 50 विधायकों को आमंत्रित किया गया है। जापलिंग रोड स्थित कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी और संयोजक राघवेन्द्र सिंह राजू ने बताया कि इस अधिवेशन में 100 जनप्रतिनिधियों और प्रतिनिधियों को चुनाव के बाद सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद लोकसभा कुंवर हरिवंश सिंह 75 साल से लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में तीन पदयात्राएं संचालित हुई हैं, इससे संगठन का खाड़ी से पहाड़ी तक विस्तार हुआ है।

टीएसआई का नशे में हंगामा, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हुसड़िया चौराहे पर गुरुवार को शराब के नशे में टीएसआई धर्मेंद्र सिंह ने जमकर हंगामा किया। नशे में लड़खड़ा रहा टीएसआई सुराही-मटका बेचने वाली दुकान पर गिरकर बैठ गया। नशे में झूम रहे वर्दीधारी की हरकतें देख लोग मोबाइल पर वीडियो बनाने लगे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने मामले की जांच एसीपी ट्रैफिक पूर्वी को दी। जांच में नशे की पुष्टि होने के बाद डीसीपी ने टीएसआई धर्मेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जानकारी मिली।

हुसड़िया चौराहे पर तैनात कर्मी नशे में धुत दुकान में गिरा पड़ा।

वीडियो वायरल होने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : महिला अधिवक्ता ने इंस्टाग्राम अकाउंट यूजर चंदन सीएम कॉमेडी पर उनकी वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। महिला अधिवक्ता ने बताया कि 27 अक्टूबर 2024 को वह वाराणसी काल भैरव मंदिर दर्शन करने गई थी। आरोप है कि उसी समय की उनकी वीडियो चंदन सीएम कॉमेडी नामक यूजर ने बिना अनुमति 6 जून की सुबह फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दी।

फंदे से लटका मिला युवक, मौत

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई के सरस्वतीपुरम में बुधवार देर रात को राज्यवर्धन चंद्र (20) ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच शुरू कर दी है। एल्डिको चौकी प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि मूलरूप से गोरखपुर का रहने वाला राज्यवर्धन चंद्र सरस्वतीपुरम में अपनी मां व बाबा के साथ किराए पर रहता था। आटो चलाकर अपनी पढ़ाई व परिवार का खर्च चलाता था। उसका भाई गांव में रहता है। रोजाना की तरह बुधवार रात खाना खाकर वह सोया था। देर रात 2 बजे के लगभग मां ने देखा तो वह दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

प्रेमी की हत्या के चौथे दिन प्रेमिका ने भी दी जान

घर में फंदे से लटका मिला शव, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : रहीमाबाद के हामिदखेड़ा मवईकला गांव निवासी मीरा ने गुरुवार को फंदा लगाकर जान दे दी। मीरा के प्रेमी संजय की रविवार को उसके पूर्व पति व बेटे ने बांके से काटकर हत्या कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने पति व बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद मीरा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंस्पेक्टर रहीमाबाद आनंद द्विवेदी के मुताबिक हामिदखेड़ा मवई कला निवासी कार चालक संजय का प्रेम संबंध मीरा से था। यह प्रेम संबंध शादी के पहले से चला आ रहा था। 12 वर्ष पूर्व संजय की शादी बरौरा निवासी रानी से हुई थी। तीन बेटे अजीत, अनुराग व अतुल हैं। दोनों के प्रेम संबंध की जानकारी होने के बाद रानी और संजय के बीच रिश्ते ज्यादा दिन नहीं चल सके। रानी अपने तीनों बेटों को लेकर मायके बरौरा में रहने लगी। वहीं, तीन वर्ष पूर्व मीरा की अपने पति सुनील से अनबन हो गई। इसके बाद वह पति व बेटे दिव्यांश को छोड़कर प्रेमी संजय के साथ उसके घर रहने लगी। पूर्व पति सुनील और उसके बेटे दिव्यांश को यह बात नागवार गुजरी। संजय की हत्या की साजिश रची। रविवार की रात सुनील बेटे दिव्यांश के साथ संजय के घर पहुंचा। वहां दरवाजा खटखटाया। संजय की मां रामदुलारी ने दरवाजा खोला। तुरंत दोनों ने रामदुलारी का गला दबोच दिया। उसकी आवाज सुनकर संजय बाहर आया तो दोनों ने उस पर बांके से हमला कर दिया। जान बचाकर भागा रसोई घर में छिपा तो वहां भी पकड़कर वार करने लगे। किसी तरह घर के बाहर भागकर नहर में कूदा, दोनों नहर में कूद गये और बांके से ताबड़तोड़ कई वार किया। मौत होने के बाद शव नहर में ही छोड़कर भाग निकले।

▸▸ रविवार देर रात पहले पति व बेटे ने प्रेमी को बांके से काटकर की थी हत्या

प्रेमी की हत्या का गम नहीं सह सकी मीरा

पुलिस ने इस हत्याकांड में मीरा के पूर्व पति सुनील और बेटे दिव्यांश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, मीरा संजय के अंतिम संस्कार के बाद गुमसुम रहने लगी। गुरुवार को उसने अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर कमरे में लटक गई। परिजन ने मीरा को फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मीरा को नीचे उतारा और सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर रहीमबाद आनंद द्विवेदी के मुताबिक मौके से साक्ष्य जुटाए गये हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

एक नजर

गाली देने से टोका तो युवक को मारा चाकू

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज के बालागंज में दबंगों ने युवक पर चाकू से हमला किया। हमले में हाथ पर चाकू लगने से युवक घायल हो गया। राहगीर मदद के लिए दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। हुसैनबाड़ी निवासी अरुण कुमार मंगलवार रात करीब 9 बजे बालागंज मरी माता मंदिर के पास जूस की दुकान पर गया था। तभी विशाल गौतम, राजा और उसके चार साथी आ गए। बिना किसी बात पर आरोपियों ने अरुण को गाली दी। विरोध करने पर विशाल गौतम और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया।

बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र के हीरालाल नगर कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने नकदी व करीब 20 लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। हीरालाल नगर कॉलोनी में रहने वाले परमेश्वर डाला चालक हैं। 16 जून की रात करीब 11 बजे वह परिवार के साथ घर में ताला बंद कर काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने गए थे। बुधवार सुबह वापस लौटे तो मुख्य द्वार, गैलरी और सभी कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर गए तो सभी संदूक खुली और सामान बिखरा पड़ा था।

सिर में चोट लगने से हुई थी मौत

अमृत विचार, लखनऊ : पारा के सलेमपुर पतौरा में पांच दिन पहले झाड़ियों में मिले शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। 41 वर्षीय युवक का अर्धनग्न हालत में शव झाड़ियों में मिला था। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि बुधवार को लावारिस में शव का अंतिम संस्कार कराया गया। आशंका है कि युवक घूमते हुए नहर के पास पहुंचा और झाड़ियों के बीच गिर गया।

खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, आलमबाग : इंजीनियरिंग डिप्लोमा का कोर्स कर रही छात्रा खुदकुशी मामले में कृष्णानगर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मूलरूप से गांधी पार्क अलीगढ़ निवासी सत्यवान सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री चंचल सिंह (27) कृष्णानगर के जाफर खेड़ा में कुंवर सिंह यादव के मकान में रहकर इंजीनियरिंग (डिप्लोमा) की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। 25 मई को चंचल ने आत्महत्या कर ली थी। पिता का आरोप है कि चंचल सिंह को सुभाष नामक युवक और उसका परिवार परेशान करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

खड़े वाहन से टकराया लोडर चालक व साथी की मौत

केबिन काटकर निकाला गया, डॉक्टरों ने मृत किया घोषित

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा इलाके में बुधवार की देर रात कानपुर हाइवे पर तेज रफ्तार लोडर वाहन सड़क किनारे खड़े अज्ञात माल वाहक वाहन में जा घुसा। हादसे में लोडर में सवार चालक व उसका साथी अंदर फंस गए। सूचना पर पुलिस व सरोजनीनगर फायर स्टेशन की टीम ने केबिन काटकर दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने परिजन को सूचना दे दी है। अतिरिक्त निरीक्षक बंथरा बृजेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पंकज

दीपू

सीतापुर बिसवां ब्राह्मणी टोला निवासी चालक पंकज गुप्ता (27) और साथी बिसवां स्थित शंकरगंज निवासी दीपू गुप्ता (24) कानपुर से प्लास्टिक दाना व प्लास्टिक सामान लेकर लोडर से बुधवार रात सीतापुर के बिसवां जा रहे थे। देर रात करीब 1 बजे बंथरा कानपुर हाइवे पर सरोज पाइप कंपनी के सामने पेट्रोल पंप के पास खड़े अज्ञात माल वाहक वाहन में बेकाबू लोडर टकरा गया।

▸▸ बंथरा स्थित सरोज पाइप कंपनी के पास हुआ हादसा

टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर वाहन का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और पंकज व दीपू उसमें फंस गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर ने डॉयल-112 पर सूचना दी। बंथरा पुलिस और सरोजनीनगर फायर स्टेशन के एफएसओ सुमित प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने केबिन काटकर दोनों को घायल हालत में बाहर निकला। आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने सीएचसी सरोजनीनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से सूचना दोनों परिवार को दे दी है।

बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चौक इलाके में बुधवार शाम पांच साल की बच्ची को धोखे से परचून दुकानदार का बेटा अपनी दुकान में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। मोहल्ले के अन्य बच्चों के दुकान पहुंचने पर आरोपी ने बच्ची को छोड़ दिया। घर पहुंची बच्ची ने मां को आरोपी की करतूत के बारे में बताया। इसके बाद पिता ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर करायी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा ने बताया कि चौक इलाके में गुड़िया घर पर ही परचून की दुकान चलाती है। पीड़ित परिवार शिकायत लेकर आरोपी सैफ के घर पहुंचे तो वह पीड़ित परिवार के साथ अभद्रता करते हुए झगड़ने लगा। बच्ची के पिता ने चौक कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सैफ के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

तंत्रमंत्र का झांसा देकर ले उड़े गहने

इटौंजा विद्युत केंद्र के पास हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इटौंजा विद्युत केंद्र के पास बुधवार शाम मायके जा रही महिला को दो उचक्कों ने परेशानियों को दूर करने का झांसा देकर जेवर उतरवाए और आंख बंद कराकर फुर्र हो गए। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

चिनहट हरदासीखेड़ा निवासी शिम्पी तिवारी ने बताया कि बुधवार शाम वह इटौंजा शाहपुर स्थित मायके आ रही थी। रास्ते में दो युवकों ने आवाज देकर उन्हें रोका। युवकों ने आंखों के अस्पताल के बारे में पूछा। शिम्पी ने जानकारी से इंकार किया। उसके बाद वे उनसे बातचीत करने लगे। एक ने कहा कि आप बहुत परेशान रहती हो। पति से भी नहीं बनती है। कई साल बीतने के बाद भी गोद नहीं भर रही है।

यह बात सुन कर शिम्पी चौंक गई। पारिवारिक दिक्कतों के बारे में युवकों से सुन कर शिम्पी उचक्कों के झांसे में आ गई। तंत्र-मंत्र व पूजा पाठ की बात कहकर उचक्कों ने उनसे झुमकी, नाक की कील और पायल उतरवायी। साथ ही पर्स में रखे रुपये भी लिए। उसके बाद आंख बंद कर भगवान की आराधना की बात कही। कुछ देर बाद जब शिम्पी ने आंख खोली तो उचक्के नजर नहीं आए। पीड़िता ने घर पहुंचकर पति को घटना की सूचना दी। उसके बाद पीड़िता ने गुरुवार को इटौंजा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पर्स लूटने वाला तीसरा बदमाश भी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मवैया मेट्रो स्टेशन के पास हेड कांस्टेबल की पत्नी का पर्स लूटकर ई-रिक्शे से गिराने वाले एक और बदमाश को आलमबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने वारदात में शामिल बदमाश अनीश को मुठभेड़ और साथी शानू को गिरफ्तार किया था। गुरुवार को पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह की पत्नी अनुराधा सिंह से 6 जून की रात मवैया मेट्रो स्टेशन के पास लूट की वारदात हुई थी। मंगलवार को पुलिस ने वारदात में शामिल शानू को पकड़ा। उसके बाद देर रात मुठभेड़ में सआदतगंज निवासी अनीश को गिरफ्तार किया गया था। मुठभेड़ के दौरान आमीन अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गुरुवार को पुलिस ने टुनटुनिया फाटक के पास से फरार आरोपी आमीन निवासी किशोरगंज कैंपवेल रोड सआदतगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चाभी का गुच्छा और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं।

मुनाफे का लालच देकर तीन से ठगे 3.75 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बुजुर्ग कारोबारी, दो रियल एस्टेट कारोबारी से ठगी

▸▸ करोड़ों का मुनाफा और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग कारोबारी समेत तीन लोगों से 3.75 करोड़ रुपये की ठगी की है। ठगी के शिकार हुए बुजुर्ग कारोबारी से 1.62 करोड़ रुपये, रियल एस्टेट कारोबारी से 2.06 करोड़ और एक अन्य कारोबारी 7.2 लाख रुपये वर्क फ्राम होम के नाम पर ठग लिये। तीनों पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रियल एस्टेट कारोबारियों से ठगे 2.06 करोड़ : अवध शिल्प विहार योजना के सरयू एन्क्लेव निवासी रियल एस्टेट कारोबारी विजय बहादुर यादव व उनके साझीदार विनय कुशवाहा से साइबर ठगों ने 2,06,15,000 रुपये की ठगी की। विजय के मुताबिक जनवरी 2023 में उनके मोबाइल पर मैसेज आया। मैसेज में संतकबीरनगर निवासी अंगद चौहान ने खुद को बिग विजन सर्विस कंपनी का मालिक बताया। क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने की बात कही। झांसे में आए विजय ने साझेदार विनय को कंपनी की योजना के बारे में भी बताया फिर दोनों ने अंगद के जरिये कंपनी में जनवरी 2023 से दिसंबर 2024 तक टुकड़ो में 2.06 करोड़ निवेश कर दिए। विजय का आरोप है कि मुनाफा दिखने पर जब उन्होंने रकम निकलानी चाही तो उन्हें व साझेदार को एप और कंपनी से निकाल दिया गया।

बुजुर्ग कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगे 1.62 करोड़ : लखनऊ। साइबर जालसाज ने पीजीआई के साउथ सिटी निवासी 60 वर्षीय कारोबारी अरोबिंदो कुमार पांडेय को शेयर ट्रेडिंग का झांसा दिया। उनसे कई बार में 1,61,85,781 रुपये ठग लिये। अरबिंदो के मुताबिक 23 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उनका संपर्क फायर्स सिक्योरिटी प्रा. लि. कंपनी के मालिक मेहुल गोयल से हुआ। झांसे में आकर अरबिंदो ने कंपनी के फायरस्पिस एप के जरिये 1.62 करोड़ निवेश कर दिए। बीते 11 जून को एप में निवेश के साथ मुनाफे की रकम 19 करोड़ दिखने लगी। अरबिंदो ने जब रकम निकालनी चाही तो ठग ने अगले दिन एप में दिख रकम को शून्य कर दिया।

पार्ट टॉइम जॉब के नाम पर ठगे 72 लाख : लखनऊ। ठाकुरगंज के बालागंज गौशाला रोड निवासी कारोबारी संदीप गुप्ता ने बताया कि उनके मोबाइल पर 5 मई को एक लिंक आया। जिसे खोलते ही पार्ट टाइम जॉब के संबंध में जानकारी दी गई थी। इसके बाद साइबर ठगों ने एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा। कई लिंक भेजकर ट्रेडिंग कराई। संदीप के मुताबिक 5 मई से 22 मई के बीच 18 बार उनसे निवेश कराया गया। निवेश की गई रकम 72 लाख रुपये थी। कुछ दिनों बाद जब मुनाफा देने की बात कही तो जालसाजों ने जितने संपर्क वाले मोबाइल नंबर थे सब बंद कर दिये। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक तीनों पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

ईओडब्ल्यू करेगी निकांत जैन के मामले की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : निलंबित आईएएस व यूपी इंवेस्ट के सीईओ अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन के खिलाफ दर्ज मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) करेगी। गुरुवार को यह आदेश डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध अमित वर्मा ने जारी किया। निकांत के खिलाफ गोमतीनगर और वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्वत ने संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध अमित वर्मा को भेजे पत्र में लिखा कि निकांत जैन उनके भाई सुकांत जैन, वैशाली जैन के खिलाफ चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामल हजतरगंज थाने में दर्ज है। इस मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा से कराए जाने की सिफारिश की गई थी।

सार-संक्षेप

युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में गुरुवार शाम युवक ने आम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बनी गांव निवासी सर्वेंद्र रावत (24) पेड़ से ताड़ी उतारने का काम करता था। गुरुवार शाम करीब 4 :45 बजे वह घर से किसी काम के लिए निकला तो वापस नहीं लौटा। इस बीच गांव की एक महिला गांव से कुछ दूर आम की बाग की तरफ शौच करने गई। महिला ने सर्वेंद्र को आम के पेड़ में चादर के सहारे लटका देखकर सूचना उसके के बड़े भाई राजपूत को दी। पुलिस ने छानबीन की लेकिन वजह साफ नहीं हो सकी। पिता राम अवतार और मां की काफी पहले मौत हो चुकी है। परिवार में बड़ा भाई राजपूत, सरवन और छोटा भाई रामेश्वर है। राजपूत की शादी हो चुकी है।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 22 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : एआरओ पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने गौतमबुद्धनगर के सत्येंद्र कश्यप से 22 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने खुद को प्रमुख सचिव गृह का सहायक बताकर पीड़ित को फंसाया। पीड़ित ने अपने भतीजे और दोस्त के भाई की नौकरी के लिए बात कर नकद और ऑनलाइन रुपये दिए। नौकरी न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकाया। एसीपी हजरतगंज विकास कुमार जायसवाल के निर्देश पर हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गौतमबुद्धनगर के थाना बादलपुर निवासी सत्येंद्र कश्यप ने बताया कि लखनऊ के आलमबाग नटखेड़ा रोड पर उनकी ससुराल है। वहां आने-जाने के दौरान जून 2023 में दारुलशफा के पास एक व्यक्ति से मुलाकात हुई। बातचीत में आरोपी ने अपना नाम नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद का सहायक हूं और यहां लोकभवन में बैठता हूं। कोई काम हो तो बताइएगा। इसके बाद सरकारी भर्ती निकलने पर पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया तो उसने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे रुपये ले लिए। पर नौकरी न मिलने पर विरोध किया तो आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित जानकारी करने लोकभवन पहुंचा। आरोपी की फोटो दिखाई तो पता चला कि नीरज नाम का वहां कोई कर्मी नहीं है। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर हजरतगंज पुलिस ने नीरज कुमार सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

किशोरी से दुष्कर्म, परिजन के घेरने पर भागा आरोपी, पैर टूटा

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर के सर्वोदयनगर में 13 वर्षीय किशोरी से युवक ने अपने घर में दुष्कर्म किया। परिजन के पहुंचने पर आरोपी वहां से भागने लगा। इसी दौरान किसी चीज से टकराकर गिर गया, जिससे उसकी टांग टूट गई। स्थानीय लोगों ने उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। गुरुवार को पीड़िता के पिता ने गाजीपुर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने पिता ने बताया कि सर्वोदयनगर में रहने वाला देवकरन आए दिन बेटी को परेशान कर छेड़छाड़ करता रहता था। पूर्व में उसे कई बार समझाया गया लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आया।

यौन शोषण का आरोप, सैन्यकर्मी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : शादी डॉट कॉम पर संपर्क कर सैन्यकर्मी ने युवती को जाल में फंसाया। उसके बाद लिवइन में रहकर यौन शोषण किया। पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी ने इंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जांच में आरोप सही मिलने पर पुलिस ने आरोपी को कानपुर देहात से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर देहात के रनिया पचेहरा निवासी आनंद कुशवाहा ने खुद को सैन्यकर्मी बता कर युवती से शादी करने की बात कही थी। इसके बाद दोनों लोग लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में आकर लिवइन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी आनंद ने युवती का यौन शोषण किया। कुछ समय पहले युवती ने जब शादी की बात की तो आनंद ने इनकार कर दिया। 27 अप्रैल को युवती ने आनंद के खिलाफ विभूतिखंड थाने में यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज करायी।

बिल मांगने पर कर्मी को पीटा, नाले में फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित फन मॉल सर्विस रोड स्थित फूड स्टॉल पर खाने-पीने के बाद दबंगों ने बिल के रुपये मांगने पर कर्मचारी मुक्तिनाथ को जमकर पीटा। पिटाई के बाद आरोपियों ने उसे नाले में फेंक दिया। स्टॉल संचालिका ने चार लोगों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

गोमती बैराज कॉलोनी निवासी रोहिणी सिंह फन मॉल सर्विस रोड पर फूडिस्तान नामक दुकान चलाती हैं। दुकान में उनके परिवार के मुक्तिनाथ भी काम करते हैं। रोहिणी ने बताया कि 13 जून को दोपहर में गोमती बैराज कॉलोनी निवासी शानू हाशमी और उसका साथी उजरियांव निवासी राजा दुकान पर आए थे। दोनों ने खाने का आर्डर दिया। इसके बाद खाना खाकर बिल का भुगतान किए बिना जाने लगे। मुक्तिनाथ ने बिल देने को कहा तो दोनों आरोपियों ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। यह देख एक ग्राहक ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर शानू और राजा भाग निकले। रोहिणी का आरोप है कि कुछ देर बाद दोनों आरोपी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे और मुक्तिनाथ को बुरी तरह से पीट दिया और नाले में फेंक दिया। पिटाई से मुक्तिनाथ की नाक की हड्डी टूट गई।

गला रेतकर की थी चालक की हत्या

▸▸ मंगलवार से था लापता, बुधवार को घैला पुल के पास मिला था शव, साथी पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ठाकुरगंज इलाके से मंगलवार शाम से लापता हुए निजी चालक कृष्णा गुप्ता (29) की हत्या गला रेतकर की गयी थी। वारदात के दौरान आरोपियों ने उसके दोनों हाथ शर्ट से बांध दिए थे। बुधवार सुबह उसका शव मड़ियांव इलाके में घैला पुल के पास मंदिर के सामने पड़ा मिला था। गुरुवार को परिजन ने मड़ियांव थाने और फिर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच कर शव की पहचान की। परिजन ने साथी पर हत्या का आरोप लगाते हुए मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है।

राधाग्राम डूडा कॉलोनी निवासी निजी चालक कृष्णा गुप्ता के पिता राम मिलन और मां शांति देवी का कई साल पहले निधन हो चुका है। कृष्णा अपने भाई सूरज, पिंटू, श्रीभगवान, अयोध्या प्रसाद के साथ रहता था। भतीजे विशाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 8 बजे कृष्णा मोहल्ले में रहने वाले संजय यादव के साथ घर से निकले। वापस न लौटने पर परिजन देर रात तक खोजबीन करते रहे लेकिन कृष्णा का कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह परिजन ठाकुरगंज थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने 24 घंटे इंतजार करने की बात कहकर चलता कर दिया। बुधवार सुबह कृष्णा का शव घैला पुल के पास पड़ा मिला। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को लावारिस में दर्ज कर पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया।

प्रेम संबंध को लेकर दो माह पहले हुआ था विवाद

भतीजे विशाल ने बताया कि कृष्णा के संजय यादव की बहन से प्रेम संबंध थे। संजय इसका विरोध करता था। दो माह पूर्व इसी बात को लेकर संजय और कृष्णा में झगड़ा भी हुआ था। फिर कुछ दिनों बाद दोनों में दोस्ती हो गयी थी। मंगलवार रात कृष्णा के न आने पर परिजन ने संजय से पूछा तो उसने जानकारी नहीं होने की बात कही थी। परिजन और पुलिस ने हरिनगर में स्थित देशी शराब के ठेके की फुटेज निकलवाई। रात करीब 8 :28 बजे संजय और कृष्णा साथ में शराब पीते दिखाई दिए थे।

दहेज के लिए मारपीट कर पत्नी को निकाला, दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विकासनगर थाने में पति समेत तीन पर दर्ज रिपोर्ट

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने ससुरालवालों संग मिलकर प्रताड़ित किया। समझौते के बाद भी दहेजलोभियों की हरकत जारी रही। यही नहीं विरोध पर आरोपियों ने पहले मारपीट कर घर से निकाला। उसके बाद पति ने ससुराल पहुंचकर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने विकासनगर थाने में पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खुर्रमनगर निवासी पीड़िता का निकाह 10 जून 2019 को विकासनगर निवासी कामरानुल हक से हुआ था। उन्होंने बताया कि निकाह के बाद से ही पति व ससुराल वाले कम दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करने लगे। जिसके बाद पीड़िता मायके में रहने लगी। 30 अगस्त 2024 को ससुरालवालों ने घर पहुंचकर हंगामा किया और बच्ची को छीनकर चले गए। 4 सितंबर को कामरानुल हक पीड़िता के मायके पहुंचा और हंगामा करते हुए उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत ठाकुरगंज थाने में की। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने पति कामरानुल हक, सास तसनीम और ससुर अनवारुल हक के खिलाफ मारपीट, दहेज प्रताड़ना, मुस्लिम महिला एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आशियाना में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : दोस्तों संग पार्टी मनाने गए सुमित सिंह (30) की गैर इरादतन हत्या के मामले में आशियाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से उद्यमसिंह नगर निवासी शिवओम कुमार बिजनौर रोड प्रधानमंत्री आवास योजना के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी शिवओम ने बताया कि वह सुमित की बाइक मांगकर ले गया था। बाइक लेकर वह देर से पहुंचा तो शराब के नशे में धुत सुमित गालियां देने लगा था। जिसपर पर गुस्से में वहां पास में पड़ा डंडा उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया था। दोस्त रोशन को फोन से बुलाकर सुमित को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सुमित की मौत हो गई।

अधिवक्ता के भेष में कचहरी से भागा बंदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दो हेड कांस्टेबल निलंबित दहेज प्रताड़ना के मामले में वर्ष 2020 से था बंद

अमृत विचार : जिला कारागार से अधिवक्ता की वेशभूषा में बुधवार को पेशी पर आया बंदी मो. जैद कचहरी परिसर में पेशाब के बहाने फरार हो गया। घंटों खोजबीन के बाद भी जब बंदी नहीं मिला तो लॉकअप प्रभारी ने अभिरक्षा में तैनात दो हेड कांस्टेबल और बंदी के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोपी बंदी मो. जैद हुसैनगंज कोतवाली में दर्ज दहेज प्रताड़ना के मामले में वर्ष 2020 से जेल में बंद था।

पुलिस लाइन में तैनात दरोगा विपिन सिंह की बुधवार को कचहरी परिसर में बने लॉकअप में प्रभारी की ड्यूटी लगी थी। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बंदी जैद सफेद शर्ट और काली पैंट में पेशी पर आया था। हेड कांस्टेबल मुकीम और फरीद अहमद बंदी को पेशी पर लेकर जा रहे थे। बंदी जैद ने पेशाब का बहाना बनाकर परिसर में टहल रहे अधिवक्ताओं के बीच से फरार हो गया। अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी घंटों कचहरी परिसर में खोजबीन करते रहे लेकिन बंदी जैद का कुछ पता नहीं चला।

एक नजर

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 9 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए 9 जुलाई तक आवेदन करना है। शिक्षक पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. पवन त्रिपाठी और आनंद मिश्रा ने दी।

एकेटीयू के 23 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट फ्यूचर गुरूकुल्स में कोडिंग और कम्प्यूटर ट्रेनर के लिए हुआ है। चयनित छात्रों को कंपनी की ओर से सालाना 3 लाख 60 हजार रूपये का पैकेज मिलेगा। बीटेक छात्रों के लिए आयोजित हुए इस कैंपस प्लेसमेंट में कंपनी विभिन्न स्तरों पर परखा। चयनित छात्रों को उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में तैनाती दी जा सकती है। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बधाई दी। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट आयोजित किये जा रहे हैं।

सीएमएस विजन-2025 सम्मेलन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : सीएमएस के तत्वावधान में तीन दिवसीय सीएमएस विजन-2025 सम्मेलन गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में शुरू हो गया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने अन्तरिक्ष यात्रा की विचारधारा पर आधारित स्मृतिका का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी में शैक्षणिक के साथ चारित्रिक उत्कृष्टता भी आवश्यक है। जीवन मूल्यों की शिक्षा ही वास्तव में शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने पूर्व छात्र शुभांशु शुक्ला की उपलब्धियों का जिक्र किया।

उच्च शिक्षा मंत्री के बयान के बाद बढ़ा विवि पर दबाव

विवादित बयान सोशल मीडिया पर देने वाले एसोसिएट प्रोफेसर पर भड़के उच्च शिक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि सिद्धांत का विरोध की जगह देश का विरोध करेंगे तो नहीं चलेगा। विश्वविद्यालय को इससे पर कठोर कार्रवाई करना चाहिए। उच्च शिक्षा मंत्री के बयान के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। गत दिनों सोशल मीडिया पर अपने विवादित पोस्ट के माध्यम से चर्चा में आए शिक्षकों पर कार्रवाई करने को लेकर नरम रुख अपनाने का विश्वविद्यालय पर आरोप लगता रहा है।

▸▸ सिद्धांत के विरोध की जगह देश का विरोध अभिव्यक्ति की आजादी नहीं : उपाध्याय

उच्च शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि सिर्फ एफआईआर से काम नहीं चलेगा विश्वविद्यालय को कठोर कार्रवाई करना होगा। एक साक्षात्कार में उच्च शिक्षा मंत्री ने ढुलमुल रवैया अपनाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि देश विरोधी मानसिकता के बड़बोले शिक्षकों पर सिर्फ एफआईआर से काम नहीं चलेगा। कुलपति इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सोनम रघुवंशी और मुस्कान जैसी महिलाओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच की उपज बताया था।

> इस मामले में जो भी नियमानुसार होगा वह उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसपर विश्वविद्यालय प्रशासन सम्पूर्णता में विचार करेगा। तदुपरांत जो उचित विधिक कार्रवाई होगी अवश्य की जाएगी।
>
> -प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

पहले आरएसएस को समझें शिक्षक : जो शिक्षक संघ को नहीं जानते वही उल्टे सीधे बयान देते हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले वह आरएसएस को करीब से समझने का प्रयास करें। किस प्रकार संघ ने राष्ट्र के उत्थान के लिए लाखों स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से साधना के लिए प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय संस्कृति और राष्ट्र से जुड़ा हुआ है। नारी सशक्तीकरण के लिए काम करने वाला संगठन है।

विद्यार्थी परिषद कर रहा विरोध

एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत ने कहा कि वह आंबेडकरवादी हैं और अपनी विचारधारा पर अडिग हैं। वह महिलाओं का त्रिशूल और तलवार पकड़ाने की जगह कलम पकड़ाने के हिमायती हैं। तो वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र रविकांत का लगातार विरोध कर रहे हैं और एफआईआई से लेकर विश्वविद्यालय की ओर से कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

राष्ट्रद्रोह की अभिव्यक्ति मंजूर नहीं

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमें संविधान से मिली है। लेकिन उसपर उचित प्रतिबंध भी आरोपित हैं। इसका प्रयोग राष्ट्रविरोधी अथवा मानहानि के लिए नहीं किया जा सकता या राष्ट्र विरोधी तत्वों का समर्थन किया जाए। अगर कोई राष्ट्रद्रोह की इस श्रेणी में आता है तो निश्चित रूप से उसे पर कार्रवाई होगी।

लविवि ने घोषित किया बीकॉम 8 वें सेमेस्टर का परिणाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पहला बीकॉम (बैचलर ऑफ कॉमर्स) आठवां सेमेस्टर परिणाम घोषित किया है। यह न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे राज्य के लिए उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहला अवसर है जब नई शिक्षा नीति के चार वर्षीय स्नातक ढांचे के अंतर्गत बीकॉम के आठवें सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित और सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह परिणाम 2021-22 से लागू नई शिक्षा नीति के तहत शुरू हुई समग्र एवं बहुविषयक शैक्षणिक यात्रा की सफल परिणति को दर्शाता है। इस परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए हैं। जिससे 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ। प्रदर्शन का स्तर अत्यंत प्रभावशाली रहा, सबसे अधिक अंक प्रतिशत 80.17 प्रतिशत और न्यूनतम 74.67 प्रतिशत रहा। 2 छात्र 80-100 अंकों के श्रेणी में रहे, जबकि 23 छात्रों ने 70-79 अंक प्राप्त किए, जो विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता को दर्शाता है। प्रदेश में इस प्रकार नई शिक्षा नीति आधारित बीकॉम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय बन गया है।

शिक्षकों का धरना स्थगित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने की निदेशक से मुलाकात

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिक्षकों के तबादले से जुड़ी खामियों के निस्तारण के आश्वासन पर उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) ने 23 जून को प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया है। गुरुवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा, महामंत्री राजीव यादव व प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव से ऑनलाइन और ऑफ लाइन तबादले से जुड़ी खामियों पर वार्ता की। निदेशक ने ऑनलाइन तबादले के आवेदन को बिना किसी कारण अस्वीकार किए गए प्रकरणों की जांच के आदेश दिये हैं। तबादले के 100 से अधिक आवेदन डीआईओएस, स्कूल मैनेजर व अन्य ने अस्वीकार कर दिया है। अब तक करीब प्रदेश भर से 700 ऑनलाइन आवेदन किये गए हैं। ऑनलाइन स्थानांतरण से जुड़ी खामियों का शासन संज्ञान ले रहा है। वहीं ऑफ लाइन आवेदन की फाइलें डीआईओएस और जेडी कार्यालय से रोकी गई हैं। इसके समाधान पर शासन से निर्देश मिलते ही निर्णय लिया जाएगा।

सीमांत सिंह आईईएस में हुए चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : माल क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर निवासी सीमांत सिंह ने संघलोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रथम श्रेणी इंजीनियर अधिकारी बने हैं। जिससे गांव में खुशी का माहौल है। सीमांत सिंह ने देश के प्रतिष्ठित आईआईटी खड़गपुर से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उनके पिता श्री मनोज कुमार सिंह, पूर्व सैनिक होने के साथ ही एक किसान हैं, जबकि माता सरोजनी सिंह एक गृहिणी हैं। सीमांत की यह सफलता उनके माता-पिता के त्याग, अनुशासन और प्रेरणा का प्रतिफल है।

आश्वासन के बाद शिक्षामित्रों ने स्थगित किया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शिक्षामित्रों का 24 दिन से इको गार्डन में चल रहा धरना गुरुवार को खत्म कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के ओएसडी से वार्ता व मुख्यमंत्री से मिलाने के आश्वासन पर टेट पास शिक्षामित्रों ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र के तत्वाधान में टेट पास शिक्षामित्रों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन विगत 27 मई से अनवरत चल रहा था। टेट पास शिक्षामित्रों की ओर से स्थाईकरण की मांग, विभागीय टेट करवाने, मानदेय और अंतर्जनपदीय महिलाओं का स्थानांतरण शिड्यूल जैसी मांगों को लेकर इको गार्डन में धरना दे रहे थे। मुख्यमंत्री आवास मुलाकात के लिए शिक्षामित्रों के डेलिगेशन के रूप में प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहित दो सदस्यीय विकास शर्मा और शालिनी शुक्ला को प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से मुख्यमंत्री आवास पर ले जाया गया। वहां पर मुख्यमंत्री की उपलब्धता न होने पर मुख्यमंत्री के ओएसडी एनके चौहान से टेट पास शिक्षामित्रों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा हुई। उन्होंने नीतिगत तरीके से निवारण करने पर संस्तुति की और मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने को लेकर आश्वासन दिया। इसके बाद शिक्षामित्रों की ओर से धरने को स्थगित कर दिया गया।

ईको गार्डन में 24 दिनों से धरना देते शिक्षामित्र। अमृत विचार

संस्कृत विवि में शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 18 राज्यों के छात्र-छात्राओं ने निकाली शोभायात्रा

अमृत विचार: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में जुटे देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों ने योग दिवस के पूर्व शोभायात्रा निकाली। योग की लोकोपकारिता, वैश्विक लोकप्रियता व जागरूकता की दृष्टि से योग जागरुकता शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में गोमती नगर क्षेत्र व देश के 17 राज्यों से आये हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के गेट नम्बर 1 से प्रस्थान कर सेंट जोसेफ हॉस्पिटल होते हुए शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहा तदन्तर शंकर चैराहा से पुनः परिसर के गेट संख्या 2 से वापस आये। शोभा यात्रा में छात्र-छात्राएं दो कतारों में थीं। इनके बाएं सम्बन्धित परिसर, महाविद्यालय के मार्गदर्शक व दाहिनी तरफ आयोजक लखनऊ परिसर के प्राध्यापकगण थे। कतारों के दाहिनें एवं बाएं दोनों तरफ स्वयंसेवकों द्वारा अपने-अपने सुरक्षा सम्बन्धी दायित्यों का निर्वहन किया गया।

शोभायात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना करते निदेशक डॉ. सर्वनारायण झा व अन्य।

शोभा यात्रा में विश्वविद्यालय के नई दिल्ली परिसर के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. मदन मोहन झा, लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा, सहनिदेशक प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, योग महोत्सव कार्यक्रम संयोजक प्रो. देवीप्रसाद द्विवेदी, संस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, शोभा यात्रा संयोजक प्रो. पवन कुमार, सह-संयोजक ज्योति सिंह, इग्नू अध्येता सहायता केन्द्र के समन्वयक डॉ. प्रफुल्ल गड़पाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, अनुभाग अधिकारी गुरु प्रसाद, विवेक कुमार सिंह सहित परिसर के सभी प्राध्यापकगण, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने भाग ग्रहण किया।

केजीएमयू के छात्रों ने एसीएच प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: केजीएमयू के एमएस छात्रों ने एम्स की एसीएच प्रवेश परीक्षा में परचम लहराया है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान दिल्ली एम्स में सुपर स्पेशियलिटी शिक्षा एमसीएच की प्रवेश परीक्षा में यहां के चार रेजीडेंट सर्जन्स ने टॉप 10 में जगह बनाई है। प्रवेश परीक्षा की टॉपर भी केजीएमयू की छात्रा बनी हैं।

डॉ. आकांक्षा ट्रॉमा सर्जरी विभाग से एमएस की पढ़ाई कर रही हैं। ट्रॉमा सर्जरी एंड क्रिटिकल केयर विभाग में एमसीएच की प्रवेश परीक्षा दी। डॉ. आकांक्षा ने एमसीएच में प्रवेश परीक्षा की देश भर में प्रथम रैंक हासिल की है। जबकि जनरल सर्जरी विभाग की सीनियर रेजीडेंट डॉ. आयुषी राज ने एंडोक्राइन सर्जरी में एमसीएच प्रवेश परीक्षा में देश भर में दूसरी रैंक हासिल की है। इसके अतिरिक्त ट्रॉमा सर्जरी एंड क्रिटिकल केयर के विशाल ने प्रवेश परीक्षा में तीसरी रैंक प्राप्त की। ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. अमन ने सातवीं रैंक प्राप्त की है।

सार-संक्षेप

ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतियोगिता कराने का निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने प्रदेश के सभी जिला ओलंपिक संघों को ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में 23 जून को व्यापक खेल प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आयोजन के निर्देश जारी किए है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने इस संबंध में सभी जिला इकाइयों को पत्र जारी किया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील की है कि वे इस दिन को केवल एक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि खेलों की संस्कृति और ओलंपिक मूल्यों के प्रसार के अवसर के रूप में देखें। आगे डॉ. पांडेय ने बताया कि ओलंपिक दिवस पर "साथ मिलकर चलें, सीखें, और खोजें, एक बेहतर दुनिया के लिए" की थीम के साथ आयोजन किए जाएंगे। आयोजन के लिए विशेष टी-शर्ट (ओलंपिक दिवस, ओलंपिक रिंग्स और यूपी ओलंपिक संघ का लोगो सहित) और बैनर का उपयोग अनिवार्य रुप से किया जायेगा।

अंश कालिक प्रशिक्षकों की तैनाती को ट्रायल 23 और 24 को

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय की देखरेख में प्रदेश भर में संचालित स्थानीय शिविरों के लिए अंश कालिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों की तैनाती को किया जाना है। सभी प्रशिक्षकों का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया जायेगा। 23 और 24 जून को राजधानी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स, जूडो, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, सॉफ्ट टेनिस, हॉकी, वॉलीबाल, कराटे, तीरंदाजी, नेटबाल, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन, वुशू, टेनिस, तैराकी, भारोत्तोलन, स्कवैश, शूटिंग, फुटबॉल, हैंडबाल, बॉक्सिंग और ताइक्वांडो के प्रशिक्षकों के लिए चयन ट्रायल आयोजित किये जायेंगे। वहीं इन्हीं दो दिनों में रोइंग, क्याकिंग और कैनोइंग के लिए प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम पर भी प्रशिक्षकों के ट्रायल होंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक इस मामले की जानकारी के लिए संबंधित फर्म से संपर्क साध सकते हैं।

स्वर्ण पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ी। अमृत विचार

गौरव, विशाल व प्रज्ज्वल के खेल से यूपी ने स्वर्ण पर किया कब्जा

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के गौरव साहनी, विशाल सिंह और प्रज्ज्वल भारती के शानदार प्रदर्शन की बदौलत उप्र टीम ने पांचवी रोल बाल फेडरेशन कप पर कब्जा जमाया। रांची के टाना में आयोजित हुई इस चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 5-2 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम रनर-अप रही। फाइनल में हुए मुकाबले में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को बड़े ही रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हरा दिया। स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाने वाली यूपी टीम में धीरेंद्र प्रताप, ओम शिव ओम, सचिन सैनी, गोविंद गौर, सत्यम श्रीवास्तव, विशाल शर्मा, केतन सैनी, प्रयाग गिरी, हिमांशु, विशाल सिंह, गौरव साहनी, विधान वीर भान, दिव्यांशु शामिल रहे।

चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने जीते पदक

अमृत विचार, लखनऊ : ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेने वाले आलिम इन्स्टीट्यूट ऑफ़ माडर्न स्टडीज के मेधावी छात्रों को स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सरवत तक़ी, उप प्रधानाचार्य वरा फ़ातिमा तथा ताइक्वांडो शिक्षिका सैन्या साहू ने पुरस्कार व पदक देकर सम्मानित किया। इस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों अली को स्वर्ण पदक, सैयद बतूल को रजत पदक और अहमद हुसैन व अज़रा बतूल को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

लोगों को कूड़ा प्रबंधन से लेकर ट्रैफिक तक बताएंगे एकेटीयू छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विश्वविद्यालय के छात्रों की 40 टीमें राजधानी केन्द्रित समस्याओं के समाधान पर करेंगी काम

अमृत विचार: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से दो दिवसीय बिल्डथॉन मेक फॉर लखनऊ का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। एरा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित बिल्डथॉन में लखनऊ केंद्रित विभिन्न समस्याओं को पहचान कर उसके समाधान वाले नवाचार बनाये जा रहे हैं। इसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के छात्रों की 40 टीमें हिस्सा ले रही हैं। बिल्डथॉन में पर्यटन से संबंधित समाधान, कूड़ा प्रबंधन, सड़क विक्रताओं को सशक्त बनाने, स्वास्थ्य और अच्छी जीवनशैली एवं ट्रैफिक और रोड सुरक्षा से संबंधित प्रोटोटाइप बना रहे हैं। मेंटॉर इनका मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं आज जूरी टीमों के बनाये प्रोटोटाइप के प्रस्तुति को देखेगी और नंबर देगी। इसमें टॉप तीन को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

नीरू कपूर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

अमृत विचार, लखनऊ : सार ट्रॉफी के लिए नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट 20 जून से शुरू होगा। टूर्नामेंट के लिए क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने गुरुवार को कार्यक्रम जारी किया। टूर्नामेंट में हर दिन दो मैच खेले जायेंगे। सभी मैच 25 ओवर के होंगे। पहला पाली में मैच सुबह सात और दूसरे पाली का मैच दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगा। पहला मुकाबला सीएएल ऑरेंज और सीएएल रेड के बीच खेला जायेगा। दूसरे मुकाबले में सीएएल पर्पल के सामने सीएएल यलो की चुनौती होगी। दोनों ही मैच योगानंद मैदान पर खेले जायेंगे।

विद्यालयों की विलय प्रक्रिया का विरोध तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'सेव विलेज स्कूल' नाम से चल रही मुहिम

अमृत विचार: प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के विलय प्रक्रिया का विरोध तेज हो गया है। शिक्षक संगठनों के साथ प्रतियोगी छात्र भी इसके विरोध में उतर आए हैं। छात्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'सेव विलेज स्कूल' के नाम से मुहिम छेड़ दी है। बीटीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीतेश पांडेय ने स्कूलों के विलय का विरोध करते हुए कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह आरटीई एक्ट का भी उल्लंघन है। अगर सरकारी स्कूलों में नामांकन घट रहा है तो इसका समाधान शिक्षक और संसाधन बढ़ाकर किया जाए, न कि स्कूलों का विलय कर। वहीं प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह ने सरकार से छात्र, शिक्षा व शिक्षक को प्रभावित करने वाले इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। साथ ही कहा है कि ऐसा न करने पर संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों की एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी प्राइवेट स्कूल को मान्यता न देने का प्रावधान है। फिर भी विभागीय अधिकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए परिषदीय विद्यालयों के एक किलोमीटर की परिधि में ही प्राइवेट स्कूलों को मान्यता दिए हुए हैं। सरकार पहले अभियान चलाकर गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करे। उसके बाद परिषदीय स्कूलों के एक किलोमीटर की परिधि में दिए गए सभी नियम विरुद्ध मान्यता को वापस ले।

संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय सचिव दिलीप चौहान ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा और स्वास्थ्य होना चाहिए। यदि ऐसे विद्यालय बंद कर दिए जाएंगे तो गरीब और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को जरूरी शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने भी इस निर्णय का विरोध करने की बात कही है। यह निर्णय छात्र व शिक्षक किसी के हित में नहीं है।

माध्यमिक निदेशालय पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

माध्यमिक निदेशालय पर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : आकांक्षी जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने स्थानांतरण को लेकर माध्यमिक निदेशालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने वार्षिक स्थानांतरण नीति से सामान्य जनपदों, आकांक्षी जनपदों और आकांक्षी विकासखंडों में स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था। स्थानांतरण नीति के अंतर्गत निर्गत शासनादेश में निहित समस्त मानकों एवं शर्तों को पूरा करने के कारण उनका ऑनलाइन आवेदन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अपर शिक्षा निदेशक के द्वारा फारवर्ड भी कर दिया गया था। साथ ही अपर शिक्षा निदेशक राजकीय द्वारा ऑनलाइन आवेदन मानव संपदा पोर्टल पर कंसीडर भी किया गया था, परंतु 14 जून 2025 को जारी सूची में उन्हें स्थानांतरण से वंचित कर दिया गया है।

लखनऊ फॉल्कंस ने भुवनेश्वर और विप्रज निगम पर लगाया पूरा जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अगस्त-सितंबर महीने में खेले जाने वाले यूपी टी-20 लीग के तीसरे सत्र में लखनऊ फॉल्कंस का पूरा फोकस अनुभवी भुवनेश्वर के साथ आईपीएल में दम दिखाने वाले विप्रज निगम पर होगा। लीग के पहले मुकाबले के लिए टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए टीम प्रबंधन की ओर से जुलाई के पहले सप्ताह मे राजधानी के इकाना स्टेडियम में एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा यूपी के रणजी टीम के अनुभवी खिलाड़ी प्रियम गर्ग, विकेटकीपर बल्लेबाज आराध्य यादव के साथ कृतज्ञ सिंह और बल्लेबाज समर्थ सिंह जैसे खिलाड़ी भी शामिल है। बुधवार को हुए ऑक्शन में 10 लाख मे शोएब सिद्दकी और 5.80 लाख में बिके मो. सैफ पर टीम प्रबंधन की ओर से भरोसा जताया गया है। मालूम हो कि पिछले वर्ष यूपी टी-20 लीग मुकाबले मे कानपुर सुपरस्टार्स के हाथों मिली हार के बाद लखनऊ फॉल्कंस की टीम अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मिनी ऑक्शन में टीम प्रबंधन ने छह खिलाड़ियों को जोड़कर अपनी टीम संख्या को 18 तक पहुंचा दिया है।

> मिनी ऑक्शन में खरीदे गए खिलाड़ियों से संतुष्ट हैं। हमारी लीग के लिए सारी तैयारियां जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। टैलेंट हंट के दौरान हम सात शानदार खिलाड़ियों को शामिल करेंगे। हम इस बार यूपी टी-20 में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में आगे आयेंगे।
>
> -ऋत्विक सिन्हा (मालिक, लखनऊ फॉल्कंस)

अभी तक की चयनित टीम : भुवनेश्वर कुमार, प्रियम गर्ग, आराध्य यादव, कृतज्ञ कुमार सिंह, समर्थ सिंह, समीर चौधरी, विप्रज निगम, पर्व सिंह, किशन कुमार सिंह, अक्शुबाजवा, अभिनंदन सिंह, प्रांजल सैनी, मो. सैफ, शोएब सिद्दीकी, निशांत गौड़, नवनीत कुमार, अंकुर चौहान, सुमित अग्रवाल, चीफ कोच- मो. आमिर, बल्लेबाजी कोच- कमलकांत कनौजिया, गेंदबाजी कोच- इम्तियाज अहमद, फील्डिंग कोच- मनोज सिंह, टीम मैनेजर- वकार अहमद।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

संपादकीय

रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख़ की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक

> जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

प्रसंगवश

बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है , वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाएड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट-द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

सोशल फोरम

अंधकार कोई प्रतीक नहीं

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

-फेसबुक वॉल से

हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशाप

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष , यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

पारा में तीन गैंगेस्टर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : पारा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रुबियान अली डिप्टी खेड़ा स्थित सत्यम सिटी, वारिस अली उर्फ चुनक्का थाना क्षेत्र के डूडा कालोनी और आसिफ अली डिप्टी खेड़ा का रहने वाला है। तीनों आरोपियों पर चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

होटल मैनेजर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार , आलमबाग : कृष्णानगर थाना क्षेत्र के विराट नगर निवासी अभिषेक श्रीवास्तव का बाराविरवा में फीनिक्स मॉल के पीछे होटल रॉयल कस्टल के नाम से होटल है। वहां कानपुर सचेंडी निवासी कौशल सिंह मैनेजर पद पर कार्यरत था। आरोप है कि मैनेजर कौशल सिंह ने 10 जून को होटल के लॉकर से 70 हजार रुपये नकद, सोने के दो सिक्के, गणेश और लक्ष्मी जी मूर्ति चोरी कर लिया। होटल मालिक ने बताया कि सोने के सिक्कों की कीमत लगभग 48 हजार रुपये है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दो पक्षों में मारपीट, छेड़छाड़ का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज में महिला ने दो लोगों पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर उन्हें व बेटे को पीटने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी महिला पर पिटाई का आरोप है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि मंगलवार रात 8 :30 बजे उनकी बिल्ली कहीं चली गई थी, जिसे खोजते हुए आशीष व आशू के घर पहुंचे। दोनों आरोपी उनसे छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर आरोपी ने महिला व उनके बेटे को पीटा। वहीं, आशीष का आरोप है कि महिला व उनके बेटे ने उन्हें व आशू को बिना किसी वजह के पीटा। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से दो लोगों पर शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

डीजीपी ने आरक्षियों से ली व्यवस्थाओं की जानकारी

पीजीआई के कल्ली पश्चिम स्थित न्यू पुलिस लाइन का डीजीपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डीजीपी राजीव कृष्ण गुरुवार को कल्ली पश्चिम स्थित न्यू पुलिस लाइन परिसर पहुंचे। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद नवनियुक्त आरक्षियों से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही नवनियुक्त 60,244 आरक्षियों के जेटीसी संयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

कल्ली पश्चिम स्थित पुलिस लाइन का निरीक्षण करते डीजीपी राजीव कृष्ण, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर व अन्य।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने पुलिस लाइन में बने भवन, परिसर का एक-एक कोना देखा। वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रशिक्षण शिविर की बैरक, मेस, शैक्षिक सुविधाओं, लॉजिस्टिक्स और आधारभूत संरचनाओं की समीक्षा की। नवनियुक्त आरक्षियों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस में उनके भर्ती होने के उद्देश्य के बारे में पूछा और प्रशिक्षुओं को मजबूत इच्छाशक्ति के साथ बेहतर प्रशिक्षण हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करने, रिक्रूट आरक्षियों को सभी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराते हुए पीएनओ आवंटन, वर्दी किट, बैंक अकाउंट खुलवाना, परिचय पत्र, मानव संपदा पर पंजीकरण आदि की कार्रवाई समय से करा लें। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार, मुख्यालय/अपराध अमित वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक भवन कल्याण समेत कई अधिकारी उपस्थित रहें।

सपा प्रमुख ने घायल को पहुंचवाया अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विक्रमादित्य मार्ग पर जख्मी हालत में सड़क पर पड़े बाराबंकी के युवक को अपना काफिला रोककर सिविल अस्पताल भिजवाया। युवक का इलाज सिविल की इमरजेंसी में चल रहा है। बाराबंकी जैदपुर के इसरौली गांव निवासी भागीरथ का बेटा राकेश रावत (35) को एक माह पहले चारबाग में ऑटो वाले ने टक्कर मार दिया था। इससे उसके पैर में चोट लग गई थी। वह चोट लगने पर घर वापस चला गया था। राकेश ने बताया कि गांव में डॉक्टर को दिखाने पर जख्म नहीं भरा और पट्टी बांध दी गई। ऐसे में वह विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा कार्यालय के बाहर बुधवार सुबह पहुंचा। वह सड़क पर पैर में पट्टी बांधे हुए पड़ा था।

सुबह करीब 11 बजे विक्रमादित्य मार्ग से सपा प्रमुख व पूर्व सीएम अखिलेश अपने काफिले से गुजर रहे थे। उन्होंने राकेश को सड़क पर जख्मी हालत में देखा तो काफिला रुकवाकर उतर गए। वह राकेश के पास पहुंचे। उसका हाल लिया। फिर नजदीक खड़े सपा के एक नेता दारा सिंह के साथ गाड़ी से राकेश को सिविल अस्पताल भिजवाया। सिविल की इमरजेंसी में तुरंत ही डॉक्टर ने राकेश को भर्ती किया।

सपा नेता व दो बिल्डरों पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सपा नेता और दो बिल्डरों ने भाजपा नेत्री से ठगे 27 लाख- अल्पसंख्यक आयोग की पूर्व सदस्य ने हजरतगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- रिंग रोड पर फ्लैट देने के नाम पर ठगे थे रुपये, हजरतगंज पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार: अल्पसंख्यक आयोग की पूर्व सदस्य व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रुमाना सिद्दीकी से जालसाज बिल्डर ने 27 लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता भाजपा नेता ने सपा के प्रदेश सचिव सउद मुशीर, बिल्डर फहद बख्श सिद्दीकी और जावेद बख्श सिद्दीकी के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुमाना के मुताबिक फ्लैट न मिलने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने मुख्तार अंसारी गिरोह का नाम लेकर धमकी दी।

डालीबाग बहुखंडीय निवासी रुमाना सिद्दीकी अल्पसंख्यक आयोग की पूर्व सदस्य है। वर्ष 2016 में ठाकुरगंज जनरेलगंज निवासी सउद मुशीर ने कल्याणपुर रिंग रोड के पास फ्लैट बनाने की बात कही। सउद मुशीर समाजवादी का प्रदेश सचिव होने का दावा करता है। रुमाना ने भी सउद के कहने पर फ्लैट बुक कराया था। करीब 31 लाख 50 हजार में सौदा तय हुआ। 27 लाख रुपये चेक से दिए गए लेकिन सउद मुशीर ने फ्लैट नहीं दिया। रुमाना के टोकने पर आरोपी टाल मटोल करते रहे। कुछ वक्त पहले पीड़िता को पता चाल कि सउद मुशीर ने फहद बख्श सिद्दीकी और जावेद की मदद से फ्लैट बेच दिया है। आरोपियों ने बिना मानचित्र पास कराए ही निर्माण कराया था। कई लोगों को फ्लैट भी बेचे गए। जिसे लेकर विवाद है। रुमाना के मुताबिक सउद मुशीर ने मुख्तार अंसारी के नाम की धमकी दी थी। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

सबको साथ लेकर मनाया गया राहुल का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में लखनऊ शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। सबसे पहले वीआईपी रोड आलमबाग स्थित गुरुद्वारे में अरदास कराकर राहुल गांधी की लंबी उम्र की प्रार्थना की गई जिसमें सिख समाज के लोगों ने भी ईश्वर से उनकी लंबी आयु की प्रार्थना की। इसके बाद सीतापुर रोड स्थित शिया पीजी कॉलेज के पास निशुल्क प्याऊ और शरबत का आयोजन अल्पसंख्यक साथियों के द्वारा किया गया। मालवीय नगर वार्ड में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस्लामिया कॉलेज के बगल में चर्च के पास क्रिश्चियन बच्चों के हाथ से राहुल गांधी के जन्मदिन का केक काटकर बच्चों के साथ उनका जन्मदिन मनाया गया। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्म के लोगों ने राहुल गांधी की लंबी उम्र की प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडे, नेता कांग्रेस पार्षद दल ममता चौधरी, डॉ. जियाराम वर्मा, किश्वर जहां, बलदेव सिंह लाठी, रज्जन खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

हजरतगंज में लोगों को फूल वितरित करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

फल व खाद्य सामग्री वितरित की गई

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पार्टी नेता राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर राजधानी में आशियाना स्थित 'आदर्श कुष्ठ आश्रम' के लोगों को फल व खाद्य सामग्री वितरित की गई। प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व आराधना मिश्रा 'मोना' समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटकर राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया।

दुर्गा जी मन्दिर का 7 दिवसीय स्थापना दिवस समारोह आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शास्त्री नगर स्थित श्री दुर्गा जी मन्दिर के 36वें स्थापना दिवस पर मन्दिर परिसर में सात दिवसीय आयोजन 20 जून को भागवत कथा के साथ शुरू हो जाएगा। श्री दुर्गा जी मन्दिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गोयल ने बताया कि 20 जून से 26 जून तक माधव शरण दास भागवत कथा प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि मन्दिर का स्थापना दिवस 27 जून को है। इस दिन के कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कई अन्य मंत्रियों को इस आयोजन में आमंत्रित किया गया है।

स्थापना दिवस के सम्बन्ध में जानकारी देते राजेन्द्र गोयल और मंदिर के पदाधिकारी।

राजेन्द्र गोयल ने बताया कि 27 जून को सुबह 9 बजे पौधरोपण और वृक्षों की यात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। 10 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसी दिन मन्दिर के शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना होगी। स्वर्ण सिन्दूर स्मारिका का विमोचन किया जाएगा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 7 विभूतियों का मन्दिर समिति सम्मान करेगी।

गैंडा संरक्षण के लिए बनेंगे दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी कार्ययोजना शुरू की है। इसके तहत लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंड़ो के संरक्षण के लिए दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर (आरआरए) बनाए जाएंगे। योगी सरकार ने परियोजना के लिए विभाग को 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक रंगाराजू ने बताया कि इसके पहले राष्ट्रीय उद्यान में आरआरए-1 और 2 राइनो रिहैबिलिटेशन एरिया बनाए गए थे। वर्तमान में इसी के अनुरूप आरआरए- 3 और 4 को तैयार किया जाएगा।

भसीन इंफोटेक के एमडी की 44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ जोन की टीम ने भसीन इंफोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. के एमडी सतिंदर सिंह भसीन का दिल्ली स्थित 44 करोड़ रुपये का आवास कुर्क कर दिया। यह कार्रवाई बुधवार को लखनऊ जोन की टीम ने दिल्ली में की। मकान वर्ष 2015 में 27 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इसी वर्ष ग्रैंड वेनिस समूह की संस्थाओं के भी डायरेक्टर रहे सतिंदर सिंह भसीन, क्विंसी भसीन व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट नोएडा में दर्ज हुई थी।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों ने रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेशकों से अरबों रुपये लिए और तय समय पर उन्हें फ्लैट नहीं दिया।

कई परियोजनाओं की शुरूआत तक नहीं की। ईडी की जांच में सामने आया कि निवेशकों से वसूली गई रकम को परियोजना के निर्माण की जगह अपनी अन्य कंपनियों व सहयोगी संस्थाओं में ट्रांसफर कर दिया। ये सभी कंपनियां सतिंदर सिंह भसीन, हरप्रीत सिंह छाबड़ा और अजय धवन द्वारा नियंत्रित किया जाता था। ईडी ने इसी साल 10 अप्रैल को दिल्ली, नोएडा और गोवा में नौ स्थानों पर भसीन इंफोटेक, ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स लि. और इनके कर्मचारियों के यहां छापा मारा था।

आपातकाल के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेगी भाजयुमो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम की रणनीति बनाकर सौंपी जिम्मेदारी
- 25, 26 और 27 जून को प्रदेश में अलग-अलग नौ स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

अमृत विचार : भाजपा ने आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। 25, 26 और 27 जून को अलग अलग नौ स्थानों पर इस आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है। कार्यक्रम मेरठ, झांसी, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ व बरेली में आयोजित किए जाएंगे।

मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुंचाएं।

लखनऊ में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

नियामक आयोग कार्यालय पर कर्मियों का मौन प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' पर अभिमत मांगे जाने के विरोध में बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने फिर मौन प्रदर्शन किया। इस बीच, बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण के विरोध में बिजली कर्मियों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मचारियों ने नियामक आयोग पर प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजी घरानों के दबाव में निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग से अभिमत लेने की तैयारी है।

ध्वनि कंपन पौधों की वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं : डॉ. पंकज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भातखंडे विवि में दो दिवसीय वृक्ष और वनस्पति विषयक प्रदर्शनी शुरू

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में वृक्ष और वनस्पति का मानव जीवन के लिए उपयोग विषयक दो दिवसीय प्रदर्शनी गुरुवार को शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की उपयोगिता एवं प्रकृति से मानवीय संबंधों को रेखांकित करने के लिए वृक्ष और वनस्पति का मानव जीवन के लिए उपयोग विषय पर आधारित दो दिवसीय ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। उन्होंने प्रदर्शनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति, संगीत एवं कलाओं के संवर्धन के लिए समर्पित है। वह प्रकृति एवं जीवन के अन्य अंगों के साथ संतुलन स्थापित करने की दिशा में भी कृतसंकल्प है। वृक्षों और वनस्पति का हमारे सांस्कृतिक और शारीरिक जीवन में जो योगदान है, उसे समझना और छात्रों को उससे जोड़ना इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है।

प्रदर्शनी अवलोकन करतीं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. मांडवी सिंह व अन्य। अमृत विचार

इस आयोजन में सीएसआईआर, एनबीआरआई और आईआईटीआर ने सक्रिय सहयोग किया। इन संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वृक्षों की संरचनात्मक औषधीय एवं पारिस्थितिकीय उपयोगिता पर आधारित वैज्ञानिक मॉडल्स ने आगंतुकों को अत्यंत प्रभावित किया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने इन मॉडलों का गहन अवलोकन करते हुए वैज्ञानिकों से संवाद कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एनबीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने अपने विद्वतापूर्ण व्याख्यान में बताया कि कैसे वनस्पतियों पर किए जा रहे वैज्ञानिक शोध न केवल औषधीय खोजों के लिए उपयोगी हैं बल्कि जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित हरित भारत अभियान, मिशन लाइफ जैसी पर्यावरणीय पहलों की जानकारी दी। उन्होंने एक रोचक विषय पर भी प्रकाश डाला संगीत और पौधों के बीच संवाद के बारे में उन्होंने बताया कि किस प्रकार ध्वनि कंपन पौधों की वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं, जो संगीत और प्रकृति के बीच एक गूढ़ संबंध को दर्शाता है।

आईआईटीआर के वैज्ञानिक डॉ. अभय राज ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण विषय पर कहा कि मानव जीवन तभी सुरक्षित रह सकता है जब वह प्रकृति से संतुलन बनाए रखे। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी नीति का विषय नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत व्यवहार और सामूहिक चेतना से जुड़ा हुआ कार्य है। उन्होंने पेड़ों की भूमिका पर वैज्ञानिक उदाहरण प्रस्तुत किए और श्रोताओं को सरल भाषा में बताया कि कैसे हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कदमों से पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। प्रदर्शनी के दौरान विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं आगंतुकों ने वैज्ञानिकों से सीधे संवाद किया। उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर वक्ताओं ने सटीक वैज्ञानिक उत्तर दिए। यह प्रदर्शनी 20 जून को दोपहर 2:00 बजे तक खुली रहेगी।

सार-संक्षेप

हजरतगंज में नए स्टोर की शुरुआत करते तनिष्क के अधिकारी। अमृत विचार

तनिष्क ने हजरतगंज में किया स्टोर का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : तनिष्क ने हजरतगंज में स्टोर के पुन : लॉन्च के साथ अपने रिटेल चेन का विस्तार किया है। स्टोर का उद्घाटन रिटेल हेड सुनील राज, रिजनल बिजनेस हेड नार्थ शालिनी गुप्ता और अरुण कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर एक अनूठा ऑफर दिया जा रहा है जिसमें ग्राहक हर खरीद पर एक मुफ्त सोने का सिक्का प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर 19 से 22 जून तक वैध है। इस स्टोर में चमकदार सोने, शानदार हीरे, कुंदन और पोल्की में प्रतिष्ठित तनिष्क आभूषण डिजाइनों को प्रस्तुत किया गया है। स्टोर में नवीनतम संग्रह रेडियंस इन रिदम मी है, जहां प्रत्येक डिजाइन शिल्प कौशल में एक मास्टरक्लास है। इस अवसर पर नार्थ 2 के रिजनल बिजनेस मैनेजर अरुण कुमार ने कहा कि हम लखनऊ के हजरतगंज में अपने तनिष्क स्टोर के भव्य पुन : उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह कोई साधारण स्टोर नहीं है यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा तनिष्क शोरूम है, जो 15,000 वर्ग फीट में फैला है।

हर हाल में दुरुस्त की जाय मतदाता सूची : रिणवा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदाता सूची हर हाल में दुरुस्त की जाय। महिला व युवा मतदाता पंजीकरण, लिंगानुपात सुधार और 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं को शामिल किया जाय। वह गुरुवार को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में आयोजित निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त बनाना है, ताकि इसमें कोई गलती न हो। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं और युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण सत्र में मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अभ्यर्थियों को आज से देनी होगी कॉलेज की प्राथमिकताएं

अमृत विचार, लखनऊ : नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 20 जून शुक्रवार से शुरू हो जाएगी, अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकता देंगे, जिसके बाद सीट आवंटित होंगी। काउंसिलिंग से नजरअंदाज कर कॉलेज प्रशासन द्वारा सीधे लिए जाने वाले दाखिले मान्य नहीं होंगे। यह जानकारी उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने सभी निजी क्षेत्र के नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धकों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि काउसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण किया जा चुका है, अब अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होंगी। सचिव ने बताया कि काउंसिलिंग माध्यम से होने वाले दाखिले ही मान्य होंगे, कॉलेज प्रशासन स्तर पर लिए गए दाखिले मान्य नही होंगे। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम में दाखिले पहली बार केन्द्रीयत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से लिए जाएंगे।

बूथ प्रबंधन को अपना हथियार बनाएगी प्रदेश कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस चुनावों में बूथ प्रबंधन को अपना हथियार बनाएगी। वह गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित प्रयाग जोन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अब मतदाता सूची में हेराफेरी नहीं होने दी जाएगी। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश में मजबूत संगठन गठित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस बार एक साथ कई रणनीतियों पर कार्य करने का फैसला लिया है। इसमें बूथ स्तर तक संगठन का निर्माण करना, मतदाता सूचियों को सही कराना व प्रदेश की जनता से जुडे.मुद्दों पर भाजपा सरकार के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करना आदि शामिल हैं।

पर्यटन मंत्री आगरा में मनाएंगे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शनिवार 21 जून को आगरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। साथ ही इस दिन आगरा में आरटीसी पुलिस लाइन मैनपुरी में नवनिर्मित रोड का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन विभाग के मीडिया सलाहकार डॉ.वीरेन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 6 बजे एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम, आगरा में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात ट्रांजिट हॉस्टल पीडब्ल्यूडी पुलिस लाइन के सामने 9 .30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके बाद रविवार 22 जून को कैम्प कार्यालय सिरसागंज, फिरोजाबाद में जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेंगे।

एक नजर

एक दवा, दो ब्रांड नेम, निर्माता व मार्केटिंग कंपनी को नोटिस

अयोध्या, अमृत विचार : औषधि विभाग ने रिकाबगंज स्थित सिटी फार्मा में छापा मारकर दवा के डिब्बे पर दो ब्रांड नेम लिखी औषधि बरामद की है। टैबलेट फेबुक्सोस्टेट के डिब्बे पर दो ब्रान्ड नेम लिखा मिला। औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने बताया कि उक्त औषधि का नमूना जांच के लिए राजकीय औषधि विश्लेषक प्रयोगशाला आगरा भेजा गया है।

दवा बिक्रीकर्ता फर्म के प्रोप्राइटर को औषधि क्रय-विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत करने सम्बन्धी और दवा निर्माता कम्पनी एलेनमेड को नोटिस जारी की गई है। निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सिटी फार्मा में एक दवा का डिब्बा मिला, जिस पर एक ही दवा के दो नाम यूरिकमेड-40 व हेप्टोमेड-40 दोनों थे। यही नहीं एक ही दवा दो नाम से बिक्री भी हो रही है। इस सिलसिले में पूछताछ करने पर फर्म के प्रोप्राइटर ने बताया कि इसमें दवा निर्माता और दवा मार्केटिंग कम्पनी की गलती है। हिमाचल प्रदेश के सोलन की दवा निर्माता कम्पनी व हरिद्वार की मार्केटिंग कंपनी को इस संबंध में नोटिस जारी की गई है।

शादी की दावत में तीसरी पत्नी के साथ पकड़ा गया पति

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बे में गुरुवार को एक शादी समारोह में हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। एक महिला अपने बच्चों के साथ वहां पहुंची और अपने पति को ननिहाल में शादी समारोह कार्यक्रम में तीसरी पत्नी के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने पति, पत्नी और बच्चों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। हैदरगढ़ के संगौरा निवासी सलीम बचपन से अपने मामा गुलाम साबिर के घर रामनगर में रह रहा था। सलीम की पहली शादी बाराबंकी की राशिदा से हुई थी। राशिदा के साथ सात वर्षों तक लखनऊ में रहने के बाद सलीम अचानक लापता हो गया। रामनगर लौटकर सलीम ने यहां चोरी-छिपे अपने मामा की साली साइमा निवासी जैदपुर से दूसरी शादी कर ली। विवाद होने पर सलीम दूसरी पत्नी को छोड़कर फिर राशिदा के साथ रहने लगी। लेकिन उसने इस बार तीसरी बार पटरंगा निवासी रेशमा से कोर्ट मैरिज कर ली।

सपा जिलाध्यक्ष की पत्नी की 1.10 करोड़ की जमीन कुर्क

कुंडा, प्रतापगढ़

अमृत विचार : गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले को लेकर सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन कुंडा गुलशन यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को कुंडा थाना क्षेत्र से जुड़े संगीन आपराधिक मामलों में लिप्त गुलशन यादव की पत्नी सीमा यादव के नाम लखनऊ स्थित न्यू साउथ सिटी, शारदा नगर में स्थित 1 करोड़ 10 लाख रुपए मूल्य की जमीन को कुर्क किया गया। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी के आदेश पर कार्रवाई की गई। आदेश में गुलशन यादव की कुल 7 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क करना शामिल है। इससे पहले भी कुंडा स्थित गुलशन यादव का करोड़ों का मकान कुर्क किया जा चुका है। गुरुवार को संग्रामगढ़ थाना प्रभारी और राजस्व विभाग की टीम लखनऊ पहुंची और शारदा नगर स्थित प्लॉट को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 के तहत की गई है। लखनऊ स्थित संपत्ति को जब्त कर आधिकारिक रूप से कब्जे में कर लिया गया है।

मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़

अमृत विचार: विकासखंड पवई के चकिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 जून को प्रस्तावित पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंच, फोटो गैलरी, सैंड आर्ट, डी एरिया, स्विस कॉटेज, सेफ हाउस सहित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण स्थल के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने समस्त नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दिन प्रातः 7:00 बजे तक अपने ड्यूटी पॉइंट पर पहुंच कर दिए गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग प्रॉपर तरीके से करायें एवं कार्यक्रम में आने वाले जन सामान्य की चेकिंग व फ्रीसकिंग सावधानी पूर्वक कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम के पश्चात जब तक कार्यक्रम स्थल से पूरी भीड़ न चली जाए, तब तक सभी अधिकारी अपने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने कार्यक्रम में लगे पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य सौंपे गए हैं, उसकी रिहर्सल कर लें और सौंपे गए कार्यों का शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।इस मौके पर मंडलायुक्त विवेक, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अंबेडकर नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

▸▸ अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

गोंडा निवासी कारोबारी की कार मध्य प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त, 4 लोगों की मौत

गुजरात लौटते समय हादसे का शिकार हुआ परिवार, पत्नी व बेटी गंभीर

संवाददाता गोंडा

अमृत विचार: गुजरात प्रांत के सूरत शहर से अपने भतीजे की शादी में शामिल होने गांव आए भोलानाथ दूबे को मांगलिक कार्यक्रम में परिवार समेत शामिल होने का फैसला जीवन भर न खत्म होने वाला दर्द दे गया। भतीजे की वैवाहिक समारोह के बाद गुजरात लौअ रहा भोलानाथ का परिवार मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के करनवास थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस भीषण हादसे में भोलानाथ के बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि वह अपनी पत्नी व बेटी के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों के परिजन मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गए हैं।

आयुष।

शिवदेवी।

प्रमिला।

प्रियांशु।

धानेपुर थाना क्षेत्र के दूबेपुरवा भवानीपुर गांव के रहने वाले भोलानाथ दूबे गुजरात प्रांत के सूरत शहर में परिवार समेत रहते हैं। वहां उनका पैकिंग का बड़ा कारोबार है। बीते 30 मई को उनके भतीजे की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने वह परिवार समेत सूरत से अपने गांव आए थे। मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भोलानाथ परिवार के साथ निजी कार से बुधवार को गुजरात के लिए रवाना हुए थे। कार वह खुद चला रहे थे। उनके साथ तरबगंज थाना क्षेत्र के शीशौ गांव के रहने वाले रमेश पांडेय का परिवार भी था। रमेश अपने बहनोई दिवाकर के साथ दूसरी कार में थे जबकि उनकी पत्नी प्रमिला, बेटा प्रियांशु व बहन शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी भोलानाथ दूबे की कार में बैठे थे। गुरुवार को वह मप्र के राजगढ़ के करनवास थाना क्षेत्र से गुजर रहे थे तभी हाइवे पर भोलानाथ की एसयूवी कार हादसे का शिकार हो गयी। हादसे में कार सवार भोलानाथ दूबे के बेटे अनमोल उर्फ आयुष (16) तथा रमेश पांडेय के बेटे प्रियांशु (14), पत्नी प्रमिला व बहन शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी निवासी रतोहिया धौरहरा थाना तरबगंज की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भोलानाथ दूबे, उनकी पत्नी पुष्टम (46) व बेटी अंशिका (13) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने आयुष, प्रियांशु, शिवदेवी व प्रमिला पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया जबकि भोलानाथ, उनकी पत्नी पुष्टम व बेटी अंशिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

38 लाख गबन के आरोप में प्रधान समेत छह लोग गिरफ्तार

बलरामपुर, अमृत विचार: बलरामपुर पुलिस ने मनरेगा घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ग्राम सभा विशुनपुर टनटनवा में तीन तालाबों के जीर्णोद्धार के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 38 लाख 49 हजार रुपये का गबन करने के मामले में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल वहाब पुत्र छेदी ग्राम प्रधान विशुनपुर टनटनवा, मो. जुबेर खान पुत्र मो. रफीक खान रोजगार सेवक विशुनपुर टनटनवा, गिरिजाशंकर पुत्र देवतादीन ग्राम विकास अधिकारी दीनापुर जौनपुर, अतुल कुमार मिश्रा पुत्र रामप्रकाश मिश्रा अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लखनऊ, प्रदीप कुमार चौधरी पुत्र रामचन्दर जेई बहराइच और अजय यादव पुत्र गुलाब चन्द्र यादव ग्राम विकास अधिकारी गोरखपुर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

रायबरेली में 57 करोड़ की फर्जी कंपनी पकड़ी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जीएसटी विभाग ने फर्जी कम्पनी पकड़ी है। कम्पनी पंजीकरण के बाद कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं कर रही थी। इसी कारण को लेकर उसका पंजीकरण निरस्त हुआ था, लेकिन उसके बाद भी कम्पनी ने दिल्ली से 57 करोड़ का कारोबार कर लिया। शहर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली थाना इलाके के सत्यनगर निवासी रमेश चंद्रा ने राजधानी इंटरप्राइज़ के नाम से कम्पनी पंजीकृत कराई थी। कम्पनी के स्थलीय निरीक्षण को जब जीएसटी विभाग के अधिकारी आए तब यहां कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। इसके कारण फरवरी माह में इसका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया था। व्यापारी द्वारा माह फरवरी का रिटर्न फर्म सस्पेंड होने के पश्चात बोगस आईटीसी जनरेट करते हुए दिल्ली की फर्म शिव इण्टरप्राइजेज को जीएसटीआर-1 में 57.35 करोड़ की सप्लाई पर 10.76 करोड़ आईजीएसटी की आईटीसी ट्रान्सफर किया गया है और अपने जीएसटीआर-3बी में बोगस आईटीसी जनरेट करते हुए सीजीएसटी आईटीसी 5.38 करोड़ व एसजीएसटी आईटीसी 5.38 करोड़ की डिमाण्ड से सेट ऑफ किया गया है। जांच में पता चला कि व्यापारी राजधानी इण्टरप्राइजेज द्वारा बिना वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किये आईटीसी जनरेट कर कपटपूर्ण ढंग से आईटीसी पास आन किया गया है। व्यापारी द्वारा बिना माल की वास्तविक सप्लाई किये हुए केवल बोगस आईटीसी को हस्तान्तरित किया गया है। सहायक आयुक्त राज्य विभाग खण्ड-1 रायबरेली रीतेश बर्नवाल ने तहरीर में बताया कि व्यापारी द्वारा कूटरचित प्रपत्र बिजली के बिल के भुगतान की रसीद को स्वामित्य के प्रमाण के रूप में अपलोड कर पंजीयन प्राप्त कर राजस्व हानि की गई।

ममेरे भाई के बेटे को अगवा कर मांगी फिरौती

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुंडा

अमृत विचार : ममेरे भाई के बेटे का अपहरण करने के आरोपी को पुलिस ने घटना के छह घंटे के अंदर गिरफ्तार का बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी के पास से बाइक, मोबाइल आइफोन भी बरामद किया गया। आरोपी ने कर्ज चुकता करने के लिए दोस्त से मिलकर बच्चे को अगवा करने की योजना बनाई थी।

पुलिस लाइन में गुरुवार को एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि जुगई का पुरवा कड़रौ नवाबगंज निवासी सुरेश पटेल के 10 वर्षीय बेटे सूरज पटेल का बुधवार रात आठ बजे अपहरण कर लिया गया। रात 11:11 बजे सुरेश के मोबाइल पर फोन करके पांच लाख की फिरौती मांगी गई। कहा गया कि सुबह तक पैसे की व्यवस्था कर दो नहीं तो बेटे की हत्या कर दी जाएगी। इसकी सूचना सुरेश ने नवाबगंज पुलिस को दी। एसपी डा. अनिल कुमार के निर्देशन में गठित टीमों ने बालक को छह घंटे के भीतर चैनी का पुरवा नहर की पटरी से बरामद कर अपहरण करने के आरोपी 22 वर्षीय शिवम पटेल निवासी जुगई का पुरवा कड़रौ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि उसकी परियावां में कास्मेटिक की दुकान है। इसकी लागत करीब 13 लाख आई थी। इसमें से छह लाख रुपये स्वयं सहायता समूह से ऋण पर लिए थे, जिसे वह समय से चुका नहीं सका। कर्ज के चलते उसने अपने मित्र रितिक यादव निवासी लरू कुंडा, वर्तमान में मुंबई में रहने वाले के साथ संपर्क कर फिरौती की योजना बनाई थी। उसने बताया कि अपहृत सूरज उसके ममेरे भाई का पुत्र है। उसने आइफोन मोबाइल से कांफ्रेंस के जरिए रितिक से फिरौती की मांग कराई। इसके बाद वह सूरज को लेकर मुंबई जाने के लिए परियावां रेलवे स्टेशन जा रहा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। एएसपी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक गुलाब सिंह, स्वॉट टीम के प्रभारी सुनील कुमार यादव शामिल रहे।

▸▸ आरोपी युवक को पुलिस ने छह घंटे के अंदर दबोचा, बच्चे को सकुशल बरामद किया

35 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो बाराबंकी की टीम ने अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 260 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। जानकारी के अनुसार 18 जून को निवारक दल को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर एचपी पेट्रोल पंप के पास दबिश दी गई, जहां से नूर हसन खान निवासी ग्राम अमौली तहसील तुलसीपुर पचपेड़वा, बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 260 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख पति ने काट ली नाक

संवाददाता, हरदोई, हरियावां

अमृत विचार। दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के घर पहुंची। शक होने पर उसका पति भी पीछे से पहुंच गया। पत्नी को उसके प्रेमी के घर में आपत्तिजनक हालत में देखकर पति आपा खो बैठा, पत्नी को पकड़ कर दांतों से नाक काट ली और वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद आरोपी पति को पकड़ लिया गया।

हरियावां थाने के देवरिया प्रसिद्ध नगर निवासी रामखिलावन बुधवार की शाम को घर पहुंचा। वहां उसे पत्नी पूजा देवी दिखाई नहीं दी। शक होने पर वह अपने पड़ोस के सुनील कुमार के घर पहुंचा। वहां देखा कि उसकी पत्नी सुनील के साथ आपत्तिजनक हालत में थी। इतना देखते ही रामखिलावन आपा खो बैठा और पत्नी पूजा को पकड़ कर दांतों से उसकी नाक काट ली। उसी बीच पति रामखिलावन वहां से भाग निकला। प्रेमी सुनील पूजा और उसकी कटी हुई नाक लेकर थाने पहुंचा। वहां सारी बात बताई। बताया गया है कि पूजा की शादी 10 साल पहले हुई थी, उसके दो बच्चे हैं।

घायल पत्नी व आरोपी पति।

रामलला के भोग और प्रसाद के लिए बनी सीता रसोई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला समेत अन्य देवी-देवताओं के भोग लगाए जाने की व्यवस्था के लिए परकोटे में मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के पास अंडर ग्राउंड फ्लोर पर सीता रसोई बनकर तैयार हो गई है, जिसमें दो भंडारी और चार सहयोगी प्रतिदिन तीन समय अलग-अलग समय पर व्यंजनों को तैयार करेंगे। यहां हाइटेक सुविधा दी जा रही है। फ्रिज, मिक्सर के साथ इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा रसोई को मौसम के अनुकूल व्यंजनों को तैयार किए जाने के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया है।

ट्रस्ट के मुताबिक सावन माह के प्रारंभ होने से पूर्व ही रसोई को शुरू कर दिया जाएगा। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त ही एक रसोई परिसर में बनाई गई थी, लेकिन वह व्यवस्थित नहीं थी। अब भूतल के साथ मंदिर के दोनों मंजिल बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके साथ ही पांच जून को राजा राम भी प्रथम तल पर विराजमान हो चुके हैं। आठ अन्य मंदिरों में भी देवी-देवता विराजमान हो चुके हैं। ऐसे में भोग के लिए भी नई व्यवस्था की गई है। जहां प्रत्येक दिन सुबह, दोपहर और शाम के भोग को तैयार की जाएगी।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित माता अन्नपूर्णा देवी के मंदिर के पास एक रसोई को तैयार किया गया है। जहां पर भगवान को लगने वाले भोग वाले व्यंजनों को तैयार किया जाएगा। अभी वहां पर कुछ व्यवस्थाएं बाकी हैं, जिसे पूरा किया जा रहा है जैसे ही सभी कार्य संपन्न हो जाएंगे। रसोई का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।

गर्भ गृह में विराजमान रामलला।

यह है भोग की व्यवस्था

बाल भोग : सुबह रामलला को दलिया, पराठा, आलू टिक्की, तहरी, पोहा, मैंगो शेक, लस्सी जैसे हल्के भोजन का भोग लगाया जाता है।

राजभोग : दोपहर में रामलला को दाल, चावल, रोटी, पूड़ी, सब्जी, सलाद और खीर का भोग लगाया जाता है।

संध्या भोग : शाम को मीठे के साथ नमकीन व्यंजन शामिल होते हैं।

वर्ग पहेली-7

बाएं से दाएं

1.1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए

3.1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।

6.1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।

7.1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।

8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

ऊपर से नीचे

2.1. कुलबुलाने की अवस्था

4.1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।

5. निरुपाधि।

7.1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



वर्ग पहेली -6 का हल

1 झ	■	2 उ	3 प	जा	ति	■
न	■	■	रं	■	■	■
क	■	■	प	■	4 बू	ढ़ा
5 ना	मी	गि	रा	मी	■	■
■	■	■	नु	■	6 शी	राँ
■	■	■	7 ग	जा	ल	■
8 सं	घ	टि	त	■	न	■

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष — आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

वृष — आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

कर्क — आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

सिंह — आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या — आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

तुला — आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

वृश्चिक — आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

धनु — आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

मकर — आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

कुंभ — आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	4	1				3	9	
			6			8		
3	8	6			5			7
	1			8	9			
	2	5				1	8	
			1	7			3	
9			3			6	1	5
		4			1			
	5	8				2	4	

सुडोकू - 13 का हल

3	6	9	2	7	5	8	1	4
1	5	2	3	4	8	6	7	9
7	4	8	9	1	6	3	2	5
6	1	7	5	2	3	9	4	8
9	8	3	1	6	4	7	5	2
4	2	5	8	9	7	1	6	3
5	9	6	7	3	2	4	8	1
2	7	1	4	8	9	5	3	6
8	3	4	6	5	1	2	9	7

एक नजर

तालाब से मिले दो बच्चों के शव

मुजफ्फरनगर : जिले के भोपा क्षेत्र में गुरुवार को दो बच्चों के शव संदिग्ध हालत में तालाब से मिले। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के रोड़कली गांव में दो बच्चे संदिग्ध हालत में तालाब में मृत मिले। उन्होंने बताया कि मृत बच्चों की पहचान अरहान (5) और इनायत (1) के रूप में हुई है और उनके शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। बसंल के मुताबिक, मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद

पीलीभीत : उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम जाने के लिए पूर्व में संचालित की गई दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया। इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि चंपावत प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया है कि पूर्णागिरी अंतर्गत राजमार्ग संख्या 108 के बाटनागाड़ में भूस्खलन हो गया है, जिससे आवागमन में समस्या हो रही है। इसके देखते हुए गाड़ी संख्या 05307/05308 टनकपुर-बरेली-टनकपुर और गाड़ी संख्या 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन बंद किया जा रहा है।

छात्रावास में प्रवेश के लिए आज से मिलेंगे आवेदन पत्र

बरेली : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में प्रवेश के लिए 20 जून से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि सत्र 2025-26 में छात्रावास प्रथम और द्वितीय विश्वविद्यालय परिसर, भोलापुर और आंवला में रिक्त सीटों के लिए आवेदन पत्र शुक्रवार से वितरित होंगे। अंतिम तिथि 1 जुलाई है।

थाने के सामने युवक की गोली मारकर हत्या, तीन निलंबित

शूटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया था रवि

गाजियाबाद, एजेंसी

जिले के मुरादनगर थाने के बाहर एक युवक की तब गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह एक शूटर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने थाने आया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद मृतक के नाराज परिजन ने शव को थाने के गेट पर रखकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मामले में थानाध्यक्ष और दो उप निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान रवि शर्मा (35) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि रवि बुधवार रात अपनी कार के पास सड़क पर किसी से बात कर रहा था और इसी बीच मोंटी और अजय नामक व्यक्ति वहां पहुंचे और रवि से कार को सड़क से हटाने को कहा। इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई

रवि शर्मा (फाइल फोटो)

और गुस्से में आकर मोंटी और अजय ने रवि के घर पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और उसके बाद दोनों आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि रवि और उसके पिता रविंदर शर्मा आज पूर्वाह्न 11:30 बजे शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे और इसी बीच मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने रवि को गोली मार दी

▸▸ कार को सड़क से हटाने को लेकर रवि का आरोपियों से हुआ था विवाद

और भाग गये।

घायल रवि को मोदीनगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से नाराज रवि के परिजन मुरादनगर थाने पहुंचे और शव को गेट के सामने रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण क्षेत्र) सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि इस घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मुरादनगर के थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तोमर और दारोगा सूबे सिंह और मोहित सिंह को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें रवाना कर दी गई हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कब्रिस्तान में यूकेलिप्टस का कटान, राजस्व विभाग ने कब्जे में ली लकड़ी

भोजपुर : पीपलसाना रेलवे स्टेशन के सामने कब्रिस्तान में खड़े 25 साल पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ों को कस्बे से जा चुकी शांति ने लाखों रुपये में ठेकेदारों को बेच दिया। गुरुवार की सुबह ठेकेदारों ने पेड़ काट दिए। राजस्व विभाग को भनक लगी तो हल्का लेखपाल हरिराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर कटी हुई लकड़ी को कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि आजादी के बाद कस्बे में एक ईसाई परिवार रहने लगा था। उन्होंने घर के एक हिस्से में चर्च बना लिया। कब्रिस्तान नहीं होने पर राजस्व विभाग ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन के सामने स्थित ग्राम समाज की जमीन को ईसाई कब्रिस्तान के लिए आवंटित कर दिया। उसी समय वहां पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे।

ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैफपुर जगना में गुरुवार की तड़के कुआं खेड़ा हॉल्ट पर रेलवे ट्रैक के पास एक ही गांव के युवक और युवती के शव मिले। जीआरपी पुलिस की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

जरगांव पुलिस ने ग्राम प्रधान से जानकारी की। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां दोनों के शवों की शिनाख्त सैफपुर जगना गांव निवासी सुशांत उर्फ भोला(20) और आशी (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। वहीं क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या करने की चर्चा है। हालांकि परिजन इस बात से इंकार कर रहे हैं।

सुशांत

आशी

सैफपुर जगना गांव निवासी राज मिस्त्री मित्रपाल के बेटे अभिषेक ने बताया कि बुधवार की रात 11:00 बजे घर में उसके पिता, मां राजकुमारी, आशी, छोटी बहन अंजलि और उसकी पत्नी खाना खाकर सो गए थे। इस दौरान अंजलि से आशी टॉयलेट जाने को कहकर बाहर गई थी। इसके बाद गुरुवार सुबह 4:00 बजे पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी मिली। जब वह लोग ट्रैक पर पहुंचे तो आशी व मोहल्ले के ही सुशांत उर्फ भोला का

▸▸ गांव में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की चर्चा, परिजन कर रहे इनकार

शव मिला। बताया कि उसकी बहन ने इसी साल 12वीं की परीक्षा पास की थी और वह अब बीए में एडमिशन लेने की तैयारी कर रही थी।

आशी के घर से 100 मीटर दूर राजपाल सिंह का घर है। सुशांत के भाई नवजीत ने बताया कि रात में उसका भाई घर पर ही सोया था। इसके बाद वह किस समय घर से चला गया किसी को नहीं पता। बताया कि सुशांत खुद का ट्रैक्टर चलाकर मजदूरी करता था। घर में या गांव में किसी को भी इनके प्रेम प्रसंगों की जानकारी नहीं थी। बताया कि वह 6 भाई बहन है जिनमें सबसे बड़े संजीव कुमार फौज में नौकरी करते हैं।

भारतीय संस्थानों में आईआईटी दिल्ली को मिली टॉप रैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली 2026 की 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में 123वें स्थान पहुंचकर सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल करने वाला भारतीय संस्थान है और देश के रिकॉर्ड 54 विश्वविद्यालय एवं संस्थान इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली ने दो वर्ष में 70 से अधिक स्थानों की छलांग लगाई है। वह दो साल पहले 197 और पिछले साल 150वें स्थान पर रहा था। संस्थान ने 'जॉर्जिया

▸▸ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 123वें स्थान पर

इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस' के साथ संयुक्त रूप से 123वीं रैंक हासिल की है। लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण कंपनी 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाने वाली प्रतिष्ठित 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' के तहत विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों का आकलन किया जाता है। इस वर्ष रैंकिंग में आठ नए भारतीय संस्थानों के जगह बनाने के साथ इसमें शामिल भारत के संस्थानों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अमेरिका (192 संस्थान), ब्रिटेन (90 संस्थान) और चीन (72 संस्थान) के बाद भारत चौथे स्थान पर है। किसी अन्य देश या क्षेत्र में इस वर्ष रैंकिंग में इतने विश्वविद्यालय नहीं जुड़े हैं। इस मामले में जॉर्डन और जरबैजान दूसरे स्थान पर रहे हैं और दोनों के छह-छह विश्वविद्यालय 2026 की रैंकिंग में जुड़े हैं।

सर्वर डाउन होने से पासपोर्ट आवेदक हुए परेशान

बरेली : पासपोर्ट सेवा केंद्र का सर्वर डाउन होने से आवेदकों को गुरुवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई तो आवेदक निराश होकर वापस लौट गए। पीलीभीत बाईपास स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर पासपोर्ट नवीनीकरण, दस्तावेज सत्यापन आदि काम कराने के लिए हर रोज कई जिले के सैकड़ों आवेदक आते हैं। गुरुवार को देशभर में तकनीकी कमी के चलते दिक्कत रही। इससे पीलीभीत बाईपास स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर भी दिक्कत हुई। यहां सैकड़ों की संख्या में आवेदक सुबह से ही लाइन में लग गए। लेकिन आवेदकों के स्लॉट री-शिड्यूल करके उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।

अतिथि प्राध्यापकों को मिलेंगे प्रति माह 30 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में 37वीं कार्यपरिषद् की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यपरिषद की इस बैठक में भाषा विवि के कुलसचिव और कार्यपरिषद के सचिव डॉ. महेश

▸▸ भाषा विवि में 37वीं कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन

कुमार ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा की।

कार्यपरिषद द्वारा सभी अतिथि प्राध्यापकों को 25,000 की जगह 30,000 प्रति माह के अनुमोदन दिया गया। जबकि शिक्षकों के लिए इंटीग्रेशन टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम और विद्यार्थियों के लिए एमए राजनीति विज्ञान, एमएड के लिए भी कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में फ़ौजान अल्वी, प्रो. चन्दना डे, प्रो. हैदर अली, प्रो. मसूद आलम, प्रो.एहतेशाम अहमद, प्रो. फखरे आलम, प्रो. सौबान सईद, डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ. बुशरा अलवेरा, साजिद आज़मी, डॉ. भावना मिश्रा सहित उपस्थित रहे।

रिश्ता तोड़ने पर दी धमकी, चार कत्ल कर चुका हूं, अब तेरी बारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग युवतियों का रिश्ता ठुकराना उनके परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया। पुलिस ने दोनों मामलों में 12 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक महिला ने बताया कि उनकी बेटी का रिश्ता पीरबहोड़ा निवासी तसलीम से तय हो रहा था। लेकिन जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि तस्लीम नशे का आदी है। इस वजह से रिश्ता तोड़ दिया। आरोप है कि तभी से तसलीम का भाई कासिम बेग उनकी बेटी को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डाल रहा है।

▸▸ थाना इज्जतनगर क्षेत्र की घटना दो मामलों में 12 लोगों पर रिपोर्ट

विरोध करने पर कासिम के माता-पिता ने धमकी दी कि उनका बेटा लड़की को उठा ले जाएगा, कोई कुछ नहीं कर सकेगा। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दूसरा मामले में युवक ने बताया कि उसकी बहन का रिश्ता बारादरी के मोहल्ला कांकरटोला निवासी इरफान से तय हुआ था, लेकिन बाद में पता चला कि उसका तलाक हो चुका है। जिस पर बहन का रिश्ता तोड़ दिया। अब इरफान के मोहल्ले का बदमाश शोहराव खान ने उनके घर पर आकर धमकी दी कि चार मर्डर कर चुका हूं, पांचवां तेरा करूंगा।

बीबीएयू ने हिमाचल में बनाई बायोफर्टिलाइजर प्रयोगशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के तकनीकी सहयोग व अजीम प्रेम फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर ज़िले में एक बायोफर्टिलाइज़र उत्पादन इकाई एवं प्रयोगशाला की स्थापना की गयी।

पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने बिलासपुर का दौराकर हिमाचल प्रदेश की मानव विकास संस्थान के कर्मचारियों को माइक्रोब आधारित बायोफर्टिलाइजर के विकास के लिए तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। इन बायोफर्टिलाइज़र का उपयोग समय-समय पर

▸▸ अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से प्रो. नवीन अरोड़ा ने दिया प्रशिक्षण

उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई गांवों में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किया गया है। अब तक ये बायोफर्टिलाइज़र बीबीएयू में विकसित किए जाते थे और डीएसटी सीड्स, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत तीन राज्यों के ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाते थे। लेकिन अब बिलासपुर में मानव विकास संस्थान के सहयोग से स्थापित इस इकाई और प्रयोगशाला में राज्य में ही उत्पादन शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा।

इस नई प्रयोगशाला में सूक्ष्मजीवों सहित कई अन्य उपयोगी माइक्रोबियल स्ट्रेनों पर आधारित बायोफर्टिलाइज़र तैयार किए जाएंगे। ये सूक्ष्मजीव प्रो. अरोरा द्वारा नव स्थापित इकाई को प्रदान किए गए हैं। ये प्रमुख सूक्ष्मजीव मृदा की उर्वरता बढ़ाने और फसलों को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इन बायोफर्टिलाइज़र को 'किसान का मित्र' कहा जा रहा है क्योंकि ये फसलों को पोषक तत्व प्रदान करते हैं और रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों पर निर्भरता को कम करते हैं। विकसित बायोफर्टिलाइज़र न केवल मक्का, गेहूं, धान, गन्ना, दलहन और सब्जियों जैसी फसलों की उत्पादकता बढ़ाएंगे, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाएंगे और मृदा एवं जल प्रदूषण को भी कम करेंगे।

कानपुर की बंजर भूमि को बनाया उपयोगी

प्रो. अरोड़ा की प्रयोगशाला बीते कई वर्षों से विभिन्न राज्यों के दूरदराज़ क्षेत्रों में सीमांत किसानों की कृषि समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है। इस मिशन और विकसित उत्पादों के माध्यम से प्रो. अरोड़ा ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई गांवों में जैविक खेती की शुरुआत की है। कानपुर क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ बंजर भूमि को भी पुन: उपयोग योग्य भूमि में परिवर्तित किया गया है।

गोरखपुर में दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

गोरखपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोरखपुर के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को शुक्रवार को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने गुरुवार को गोरखपुर जंक्शन के दौरे के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नई ट्रेन पाटलिपुत्र को मुजफ्फरपुर और नरकटियागंज के रास्ते गोरखपुर से जोड़ेगी। इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा मिलेगा।

कुमार ने 500 करोड़ रुपये की 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। रेलवे बोर्ड

▸▸ राज्य के 157 स्टेशनों का किया जा रहा पुनर्विकास

अध्यक्ष ने पुनर्विकास की गुणवत्ता और गति की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म वाला गोरखपुर जंक्शन यात्री सुविधा के मामले में भी अग्रणी बनने के लिए तैयार है। कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए 19 हजार 858 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड बजट आवंटन का जिक्र किया और कहा कि 'अमृत भारत' योजना के तहत राज्य के 157 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है जिनमें पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र के 58 स्टेशन भी शामिल हैं।

उत्तराखंड

उत्तराखंड बनेगी योग व वेलनेस की वैश्विक राजधानी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री आवास परिसर में गुरुवार को योगाभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए गए हैं।

▸▸ सीएम आवास परिसर में हुआ योगाभ्यास, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कार्मिकों के साथ किया योग

मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून के पेयजल विभाग के अन्तर्गत सीवरेज कार्यों की 7 योजनाओं हेतु 3147.32 लाख, जनपद ऊधमसिंह नगर में अमृत 2.0 वॉटर बॉडीज योजनान्तर्गत नगर निकाय दिनेशपुर की 2 योजनाओं के लिए 97 लाख, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में विकासनगर (हल्दापानी) के निकट कॉलेज गोपेश्वर में भू-धंसाव योजना के कार्य हेतु 778.97 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सम्पर्क योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 13 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए 3382.48 लाख की धनराशि नाबार्ड से वित्त पोषण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट को उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने तथा जनपद चमोली के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थराली को उच्चीकृत करते हुए नवीन स्थान कुलसारी में उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने हेतु मानकों में शिथिलता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया है।

33 आईएएस व 24 पीसीएस अफसरों के हुए तबादले

देहरादून। शासन ने गुरुवार देर रात 33 आईएएस और 24 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए। कई अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया है तो कई से वापस लिया गया है। आईएएस अधिकारियों में स्वाति एस. भदौरिया को ज़िलाधिकारी (डीएम) पौड़ी गढ़वाल, रीना जोशी को अपर सचिव राज्यपाल, प्रशांत आर्य को डीएम उत्तरकाशी, दीप्ति सिंह को महानिदेशक शिक्षा, प्रतीक जैन को डीएम रुद्रप्रयाग और मनीष कुमार को डीएम चंपावत बनाया गया है।

तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के तहत गुरुवार को देहरादून पहुंचीं। इस अवधि में विविध आयोजनों और कार्यक्रमों की राष्ट्रपति द्वारा अध्यक्षता की जाएगी। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को देहरादून में राजपुर रोड पर 21 एकड़ में फैले 186 वर्ष पुराने राष्ट्रपति निकेतन का लोकार्पण करेंगी। वह राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला भी रखेंगी।

▸▸ राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने किया जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत

साथ ही, राष्ट्रपति निकेतन की जैव विविधता पर प्रकाशित एक पुस्तक का विमोचन भी करेंगी। वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को उत्तराखंड सरकार द्वारा पुलिस लाइन मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी।

एक्सईएन, एसडीओ और जेई सस्पेंड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : पौड़ी जनपद के रिखणीखाल ब्लॉक स्थित वड्डाखाल क्षेत्र में बिजली की लाइन पर कार्य करते समय संविदा लाइनमैन की करंट लगने से हुई मौत की घटना को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।

विधायक महंत दलीप सिंह रावत की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी (एसडीओ) चंद्रमोहन, अवर अभियंता (जेई) शुभम कुमार और अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) विनीत कुमार सक्सेना को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने

रिखणीखाल करंट हादसा

▸▸ मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई

सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों और दायित्वों का भली भांति निर्वहन करें। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित निर्णय और कार्यवाही करें। यदि इनके निर्वहन में किसी प्रकार ढिलाई संज्ञान में आएगी तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

स्पष्ट कहा है कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यस्थल पर सभी ज़रूरी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता हो।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के उच्चाधिकारियों को भी इस संबंध में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि विभाग के पास वर्तमान में कितने सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं और ये उपकरण फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों तक पहुंच भी रहे हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मचारी के जीवन और सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं माना जाएगा।

सुविधा | बद्रीनाथ धाम में डिजिटल भुगतान से बढ़ेगी सुरक्षा, पुलिस-प्रशासन की अभिनव पहल

10,279 फीट की ऊंचाई पर देश का पहला फास्टैग बैरियर शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : श्री बद्रीनाथ धाम में 10279 फीट की ऊंचाई पर देश का पहला फास्टैग इको पर्यटक बैरियर गुरुवार से शुरू हो गया। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से इस इको टूरिज्म शुल्क बैरियर का शुभारंभ किया। डीएम और एसपी की इस अभिनव पहल से जहां बद्रीनाथ धाम में डिजिटल भुगतान से सुरक्षा बढ़ेगी। वहीं, जाम के झाम से भी छुटकारा मिलेगा।

दरअसल, विगत वर्ष की चार धाम यात्रा के सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार

बद्रीनाथ में लगा देश का पहला फास्टैग बैरियर।

के निर्देशन में आयोजित एक रात्रि भोज में सभी थानाध्यक्षों ने अपनी समस्याएं रखी थीं। इसी दौरान, थानाध्यक्ष बद्रीनाथ ने बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार पर नगर पंचायत द्वारा मैनुअल तरीके से लिए जा रहे इको टोल शुल्क के कारण अनावश्यक ट्रैफिक दबाव बढ़ जाने और समय की बर्बादी होने की समस्या को उजागर किया था। उन्होंने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की गाइडलाइन के तहत इको टोल शुल्क को फास्टैग के माध्यम से लेने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया था।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस सुझाव का गंभीरता से संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में, नगर पंचायत बद्रीनाथ ने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से एनएचएआई से आवश्यक अनुमति प्राप्त की और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पार्क प्लस कंपनी को इको पर्यटक शुल्क फास्टैग के माध्यम से कराने का बीड़ा सौंपा।

वाहनों का दर्ज होगा रिकॉर्ड, जाम से मिलेगी मुक्ति

इस बैरियर पर अब बद्रीनाथ धाम में प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले सभी वाहनों का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से फास्टैग के जरिए काटा जाएगा। साथ ही, फास्टैग सिस्टम से लिंक होने के कारण धाम में आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज होगा। यह ऑनलाइन रिकॉर्ड सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। किसी भी आपात स्थिति या सुरक्षा संबंधी आवश्यकता होने पर वाहनों की आवाजाही का विवरण तुरंत उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	81,361.87	24,793.25
गिरावट	82.79	18.80
प्रतिशत में	0.10	0.08

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 20 जून 2025

स्विस बैंकों में भारतीयों का धन हुआ तीन गुना

ग्राहक खातों में जमा धन में 11 प्रतिशत की वृद्धि, अब 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक हुआ

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीयों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

● स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से मिली जानकारी

एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब फ्रैंक (42.7 करोड़ फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है।

सफाई : स्विस बैंक में रखी भारतीयों की संपत्ति काला धन नहीं

स्विस अधिकारियों ने हमेशा यह कहा है कि स्विट्जरलैंड में भारतीयों की रखी संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता है और वे कर धोखाधड़ी और चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत समर्थन करते हैं। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढांचे के तहत, 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर, 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को दी गई थी और इसका अनुपालन हर साल किया जा रहा है। इसके अलावा, स्विट्जरलैंड प्रथम दृष्टया सबूत दिये जाने के बाद वित्तीय गलत कामों में लिप्त होने के संदेह वाले भारतीयों के खातों के बारे में सक्रिय रूप से विवरण साझा कर रहा है। अबतक सैकड़ों मामलों में इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ है। संस्थानों सहित विदेशी ग्राहकों का कुल कोष 2024 में 977 अरब स्विस फ्रैंक रहा जो 2023 में 983 अरब स्विस फ्रैंक था।

लिक्विड म्यूचुअल फंड: अल्पकालिक निवेश

लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मुख्यत: बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश करता है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे को कुछ समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाहते हैं, साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। इस फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्षाकृत अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा मिलती है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बाजार दरों में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम :** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क :** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- **गैर-गारंटीशुदा रिटर्न :** बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता :** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%-6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम :** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।

● केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

कुछ रूपों में आयातित सोने पर सरकार ने लगाया अंकुश

नई दिल्ली। सरकार ने देश में तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों का विलयन होती हैं।

एक अधिकारी ने कहा कि रासायनिक यौगिकों की आड़ में सोने के आयात को विनियमित करने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ आयातक थाईलैंड जैसे देशों से आयात के लिए इस तरीके का इस्तेमाल कर रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इसमें आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं।

सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता।



● रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

बेंगलुरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

मरीज से दुष्कर्म का आरोपी चिकित्सक गिरफ्तार

देवास। मप्र के देवास जिले के निजी मेडिकल कॉलेज में मरीज से दुष्कर्म के आरोप में 35 वर्षीय चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि इसी कॉलेज में हुई एक अन्य घटना में अज्ञात व्यक्ति ने छात्रावास में चाकू दिखाकर एमबीबीएस की छात्रा का यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की। बैंक नोट प्रेस थाना प्रभारी अमित सोलंकी के अनुसार, डॉ. रूपम जैन ने 17 वर्षीय लड़की को जांच और परामर्श के लिए बुलाया था। अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' के निदेशक सुरेश भदौरिया ने कहा कि कुछ शिकायतें मिलने के बाद पांच जून को डॉ. जैन को बर्खास्त कर दिया गया।

अनंतनाग में आतंकियों का सहयोगी पकड़ा गया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले चेहरों की पहचान करने वाली प्रणाली लगाई गई है, जिसकी मदद से आतंकवादियों के एक सक्रिय सहयोगी को पकड़ा गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स इसकी जानकारी दी।

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।

● सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की जांच के लिए गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

● कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे, जहां हुई थी प्रश्नपत्र की छपाई

हर सप्ताह 38 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में एअर इंडिया करेगी कटौती

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि विमानन कंपनी 21 जून से 15 जुलाई के बीच हर सप्ताह 38 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की कटौती करेगी और तीन विदेशी मार्गों पर सेवाएं निलंबित रहेंगी। अहमदाबाद में 12 जून को हुए घातक विमान हादसे के बाद व्यवधानों से जूझ रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी ने कहा कि 18 अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कटौती करने का उद्देश्य शेड्यूल स्थिरता को बहाल करना और यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करना है। कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि वह बड़े यात्री विमानों से संचालित उड़ानों में 15 प्रतिशत की अस्थायी कमी करेगी, जिसके बाद यह विस्तृत घोषणा की गई।

मंगलुरु-दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

मंगलुरु। एअर इंडिया ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है।

कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।

आफत की बारिश

महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

● हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी।सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।

एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

इंदौर (मप्र), एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों- सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती

शुभमन गिल।

लीड्स, एजेंसी

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है।

पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

टीम

भारत : शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

इंग्लैंड (अंतिम एकादश) : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

45 दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

03 बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत चुका भारत

29 डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला

बेन स्टोक्स

एक नजर

विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

लंदन : दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

दिव्या ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ को हराया

लंदन : भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की। डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं।

ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

सोनीपत : हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में पदक पक्का

कुचिंग (मलेशिया) : भारतीय खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप 2025 में सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में 45वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जोआचिम चुआ को 3-0 (11-7 11-6 11-6) से हराया। सेंथिलकुमार अब सेमीफाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय लाउ त्स क्वान से खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले चरण में मलेशिया के एनजी ईन यो से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

श्रृंखला से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण

लीड्स, एजेंसी

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।

इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

नई दिल्ली : महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

लीड्स, एजेंसी : भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते।

भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैरमौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। विराट, रोहित और अश्विन के न होने मतलब यह नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

लीड्स, एजेंसी

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

नई दिल्ली : भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं।

जीत की जंग

इंग्लैंड में नॉटिंघम ओपन टेनिस चैंपियनशिप के दौरान पोलैंड की मैग्डा लिनेट के खिलाफ शॉट लगाती हुई ब्रिटेन की मिंगगे जू। ● एजेंसी

बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।

भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

एशिया कप

कनाडा की खुफिया एजेंसी रिपोर्ट में हुआ खुलासा

खालिस्तानी चरमपंथी भारत के खिलाफ कर रहे कनाडा की जमीन का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी

कनाडा की एक खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चरमपंथियों का एक समूह कनाडा का इस्तेमाल धन जुटाने और मुख्य रूप से भारत में हिंसा की योजना बनाने के लिए अड्डे के तौर पर कर रहा है। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की 2024 की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी व उनके कनाडाई समकक्ष कार्नी ने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों देशों में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद हो गया था।

कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी यह खतरा

रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों का हिंसक गतिविधियों में बदस्तूर भाग लेना कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और इसके हितों के लिए खतरा बना हुआ है। इसमें कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप के तौर पर भारत की गतिविधियों की भी आलोचना की गई है। यह रिपोर्ट भारत के उस निरंतर रुख की पुष्टि करती प्रतीत हुई कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्व भयमुक्त होकर भारत-विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत संबंधी खंड के तहत आरोप लगाया गया है, भारतीय अधिकारी, जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट शामिल हैं, कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, जो कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। भारत पूर्व में भी कनाडाई अधिकारियों द्वारा लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। अलावा पाकिस्तान, रूस व ईरान का भी नाम लिया गया है।

ब्लैक बॉक्स कहां होगा डिकोड, एएआईबी लेगा निर्णय

मंत्रालय ने कहा- साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका

मुंबई, एजेंसी

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने 12 जून को हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में लगभग 280 लोग मारे गए थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों और एजेंसियों से सभी

आवश्यक सहयोग के साथ एएआईबी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही कहा कि साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और अब आगे का विश्लेषण चल रहा है।

बयान में कहा गया है, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर आई है कि एआई171 उड़ान से सीवीआर/डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को पुनः प्राप्ति और विश्लेषण के लिए विदेश भेजा जा रहा है... विमान के रिकॉर्डर को डिकोड करने के स्थान के बारे में निर्णय एएआईबी द्वारा सभी तकनीकी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं के उचित मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा।

डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव सौंपे गए

अहमदाबाद। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

दुर्घटनाग्रस्त विमान का अच्छी तरह से किया था रखरखाव: एअर इंडिया

मुंबई। एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

एक नजर

स्पेन ने नाटो के रक्षा खर्च में अनुमानित वृद्धि को अनुचित बता किया खारिज

मैड्रिड। स्पेन ने रक्षा जरूरतों पर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के नाटो के प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे को गुरुवार को भेजे गए एक पत्र में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि स्पेन अगले सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में जीडीपी के संदर्भ में किसी विशिष्ट व्यय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकता।

अमेरिका में धोखाधड़ी करने वाले दो भारतीय छात्रों को सजा

ह्यूस्टन। अमेरिका में पढ़ाई करने वाले दो भारतीय छात्रों को बुजुर्गों से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करने के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई गई है। छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे किशन राजेशकुमार पटेल (20) द्वारा धनशोधन की साजिश रचने का अपराध कबूल किए जाने के बाद इस सप्ताह उसे 63 माह (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई।

गोयल ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

लंदन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। लंदन के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 280 लोगों की मौत हो गई थी।

कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत

ओटावा। कनाडा के कैलगरी विश्वविद्यालय में एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई। वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह भारतीय छात्रा तान्या त्यागी के अचानक हुए निधन से दुखी है। इसने कहा, वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोकसंतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि भारतीय छात्रा की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई।

इजराइल के अस्पताल पर दागी बैलिस्टिक मिसाइल जवाब में ईरान के भारी जल रिएक्टर पर किया हमला

नेतन्याहू बोले- सुरक्षित नहीं खामेनेई, कहीं भी हो सकता हमला, रूस ने की मध्यस्थता की पेशकश

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

ईरान के मिसाइल हमलों में दक्षिणी इजराइल का एक मुख्य अस्पताल क्षतिग्रस्त होने और तेल अवीव के निकट कई अन्य आवासीय इमारतों को भारी नुकसान होने के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री ने गुरुवार को ईरान के सर्वोच्च नेता को धमकी दी। इस बीच, इजराइल ने ईरान के एक भारी जल संयंत्र पर हमला किया, जो उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़ा है। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ईरान बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से कम से कम 240 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार गंभीर रूप से घायल हैं।

गुरुवार को ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइल के दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से काला धुआं उठता देखा गया। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अस्तित्व नहीं बचेगा। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा, आईडीएफ को निर्देश दिए गए हैं और वे जानते हैं कि अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, इस आदमी को बिल्कुल भी अस्तित्व में नहीं रहना चाहिए।

अमेरिकी अधिकारियों ने इस सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप ने खामेनेई की हत्या की इजराइली योजना पर वीटो कर दिया है। ट्रंप ने बाद में कहा कि खामेनेई को मारने की कम से कम अभी तो कोई योजना नहीं है। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, रूस ने की मध्यस्थता की पेशकश है।

इजराइल में विस्फोट के बाद अस्पताल से महिला को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। दाएं : अस्पताल से हमले से उठता धुआं।

फोन पर बातचीत के दौरान शी और पुतिन ने ईरान पर इजराइली हमलों की निंदा की

मॉस्को। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने ईरान पर इजराली हमलों की गुरुवार को कड़ी निंदा की और तत्काल युद्धविराम की घोषणा करने तथा नागरिकों पर हमलों को रोकने की अपील की। फोन पर हुई बातचीत के दौरान शी ने पुतिन के साथ इजराइल-ईरान युद्ध पर चर्चा की और कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष को रोकने के लिए युद्धविराम एक तात्कालिक प्राथमिकता है और बल प्रयोग अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को चेतावनी और इजराइल द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को निशाना बनाए जाने की धमकी के बीच क्षेत्र में मौजूदा संघर्ष पर शी की यह पहली टिप्पणी है।

ईरान की मिसाइलें इजराइल के लिए चुनौती

सेना बीरशेबा। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नई चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की आयरन डोम जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती हैं।

ईरान पर हमले को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे ट्रंप

बीरशेबा। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। ट्रंप को अब भी इस बात की पर्याप्त संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट द्वारा की गई घोषणा में राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई चेतावनी की समयसीमा बढ़ा दी गई है। ईरान को अपने संवर्धन कार्यों और परमाणु हथियार बनाने की किसी भी अन्य संभावना को तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

अमेरिका ने राजनयिकों को निकालना शुरू किया

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला, जिन्होंने बुधवार को देश छोड़ने के लिए कहा था।

ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

- विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।

दिल्ली पहुंची छात्रा परिजन से मिलती हुई।

छात्रों ने बताया- पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे

नई दिल्ली। हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद गुरुवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए धन्यवाद दिया।

केरल उच्च न्यायालय ने जहाज को सशर्त जब्त करने का दिया आदेश

कोच्चि (केरल), एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि लाइबेरियाई ध्वज वाले जहाज एमएससी पोलो द्वितीय को तब तक जब्त रखा जाए, जब तक कि उसकी मूल कंपनी केरल तट पर एमएससी एल्सा 3 के डूबने से माल की हानि के लिए समुद्री दावे के तहत 73.49 लाख रुपये जमा नहीं कर देती है।

न्यायमूर्ति एमए अब्दुल हकीम ने केरल की एक काजू कंपनी 'सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से

भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। काजू कंपनी ने अपने मुकदमे में दावा किया है कि जहाज यांत्रिक, तकनीकी दोषों या उचित देखभाल के अभाव में और जहाज की अयोग्यता तथा चालक दल की अक्षमता की वजह से जहाज में कंटेनरों के अनुचित भंडारण के कारण डूब गया। कंपनी ने दावा किया कि एमएससी एल्सा 3 और एमएससी पोलो द्वितीय सहयोगी जहाज हैं और इनका मालिकाना हक एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कॉ एसए के पास है।

टेक्सास में परीक्षण के दौरान स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट

आस्टिन (अमेरिका)। स्पेसएक्स के एक रॉकेट में बुधवार रात को टेक्सास में परीक्षण के दौरान विस्फोट हो गया, जिससे आसमान में आग का गोला उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के प्रक्षेपण स्थल स्टारबेस में दसवें उड़ान परीक्षण की तैयारी के दौरान रात करीब 11 बजे रॉकेट स्टारशिप में एक बड़ी खराबी का पता चला। स्पेसएक्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, पूरे अभियान के दौरान प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर सुरक्षित क्षेत्र बनाकर रखा गया था और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

ब्रिटेन में भारतीय डॉ. को लेखन का शीर्ष सम्मान

- ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने दिया सम्मान

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स प्रदान किया।

मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और

ब्रिटेन की संस्कृति सचिव लिसा नंदी शालिनी मलिक को पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक में सम्मान प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के साझा संबंधों पर जोर दिया। संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री नंदी ने कहा, "लोगों के बीच संपर्क हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर हम खुद को विभाजित करने के कई तरीके खोज रहे हैं।

द. अफ्रीका रंगभेद युग में हुई हत्याओं की नए सिरे से कराएगा जांच

जोहानिसबर्ग। नोम्बुइसेलो म्हलाउली को जब उनके पति का शव दफनाने के लिए सौंपा गया, तो उनके सीने में 25 से अधिक और पीठ में सात घाव थे तथा गले पर भी गहरा जख्म था। उनका दाहिना हाथ भी नहीं था। सिसेलो म्हलाउली उन चार अश्वेत लोगों में से एक थे, जिन्हें 40 साल पहले इसी महीने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दौर के सुरक्षा बलों ने अगवा कर लिया था, प्रताड़ित किया और मार डाला था। उनकी मौत के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं की एक न्यायाधीश के नेतृत्व में नये सिरे से जांच इस महीने शुरू हुई है।

पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान बनाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा

भारत ने अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी का 'स्टेल्थ' लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने विमान के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए रुचि पत्र (ईओ) आमंत्रित किए हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत सरकार उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के पांच प्रोटोटाइप बनाने की योजना बना रही है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ एएमसीए को भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनाने की योजना है। एडीए ने कहा कि ईओआई का उद्देश्य तकनीकी रूप

से एएमसीए प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम भारतीय कंपनियों को सूचीबद्ध करना है। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों का संघ हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तथा एएमसीए के डिजाइन की क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों को इस परियोजना के लिए चुना जाएगा। इसमें कहा गया कि चयनित इकाई के पास विमान के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए।

यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद और शव मिले मृतकों की संख्या 28 हुई

कीव। रूस के मिसाइल हमले में तहस-नहस हुई कीव की नौ मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को आपात कर्मियों ने और शव निकाले, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी में हालिया हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई। कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित यह इमारत हाल में हुए हमले में ध्वस्त हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि 23 शव इमारत के अंदर से निकाले गए हैं जबकि बाकी पांच लोगों की मौत शहर में दूसरे स्थान पर हुए हमलों में हुई। ये हमले सोमवार से मंगलवार के बीच हुए थे। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं थीं। इस बीच, अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई है।

दौरा | प्रधानमंत्री मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी

जगरेब, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते क्रोएशिया के समकक्ष।

बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है।

युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता समाधान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान किया जाएगा।

दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया।

मोदी ने कहा, हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।